तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 26.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 16 जुलाई 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]



शहर के विभिन्न क्षेत्रों में खुले ट्रांसफार्मर दुर्घटना को आमंत्रण देते रहते हैं।

## खबर संक्षेप

### लापरवाह छात्रावास अधीक्षक निलंबित

**बिलासपुर।** संस्थान से लगातार अनुपस्थित रहने और लापरवाही के आरोप में तखतपुर विकासखण्ड के प्री मेट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बेलसरी के अधीक्षक देवेन्द्र पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण ने जांच प्रतिवेदन के आधार पर पाण्डेय के निलंबन के आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि श्री पाण्डेय अधिकांश बार संस्था के निरीक्षण के दौरान गायब रहे। छात्रावास के बच्चों के अनुसार उन्हें नाश्ता नहीं मिलता और अन्य आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध नहीं कराई जाती। काम भी रूचि नहीं दिखाने पर चार्ज देने के आदेश जारी किए गए। लेकिन उन्होंने चार्ज भी नहीं दिया। वरिष्ठ अधिकारियों के कई आदेशों की अवज्ञा की गई। कर्तव्यहीनता के लिए जारी नोटिस का जवाब भी नहीं दिया गया। इसलिए देवेन्द्र पाण्डेय का सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरित काम करने पर निलंबित कर दिया गया है। उनका इस दौरान मुख्यालय एसीटीडब्ल्यू कार्यालय बिलासपुर होगा। नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### खराब सड़क और गड्ढे से लोग परेशान



**बिलासपुर।** नर्मदा नगर चौक से उसलापुर जाने वाली बासयपास सड़क श्रीवास धर्मशाला के पास पूरी तरह से खराब हो चुकी है। यहां बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बारिश के चलते अब इन गड्ढों में पानी भर रहा है। ऐसे में यहां से गुजरने वाले नागरिक परेशान है। आसपास के लोग इसे लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और अफसरों से शिकायत भी कर चुके है, इसके बाद भी अब तक इस सड़क की मरम्मत नहीं हो पाई है।

### उमस ने किया बेहाल तापमान 34 डिग्री पर

**बिलासपुर।** बारिश के रूकते हुए मौसम में बदलावा देखने को मिल रहा है। चटक धूप के साथ उमस ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। सोमवार को दिन का तापमान जहां सामान्य से 3.3 तो रात में 2.3 डिग्री से अधिक तापमान दर्ज किया गया। रूक-रूककर हो रही बारिश ने उमस बढ़ा दिया है। सोमवार सुबह से ही आसपमान साफ रही जिसके चलते उमस का एहसास हो रहा था। अधिकतम तापमान 34 डिग्री तो न्यूनतमत तापमान 26.8 डिग्री दर्ज की गई। जबकि 24 घंटे के भीतर केवल 6.2 मिमी बारिश ही हो पाई। मौसम विशेषज्ञ डॉ.एचपी चंद्रा ने बताया कि एक निम्न दाब का क्षेत्र 19 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में बनने की संभावना है। प्रदेश के अनेकों स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। बिलासपुर जिले में 1 जून 2024 से लेकर 328.4 मिमी बारिश हो चुकी है।

हाईकोर्ट ने याचिका निराकृत की, याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में

# कांग्रेस को जमीन आबंटन का मामला निराकृत, कलेक्टर लेंगे फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुराना बस स्टैंड स्थित राज्य परिवहन निगम की स्वामित्व वाली जमीन को कांग्रेस कार्यालय भवन के लिए आवंटित करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका निराकृत कर दी गई है। हाईकोर्ट ने मामले में कलेक्टर को दो सप्ताह में फैसला लेने का निर्देश दिया है।

- शासन ने कहा- दो साल में आबंटन शुल्क जमा नहीं कर सकी कांग्रेस पार्टी

इस मामले में शासन की ओर से कहा गया था कि आबंटित जमीन की फीस की राशि कुल एक करोड़ 70 लाख रुपए कांग्रेस कमेटी दो साल में जमा नहीं कर सकी है, दूसरी ओर कांग्रेस ने अपने जवाब में कहा था कि चूंकि मामला हाईकोर्ट में लंबित है इसलिए यह राशि जमा नहीं हो सकी। कांग्रेस कमेटी की ओर से बिलासपुर कलेक्टर के समक्ष 6 महीने के अतिरिक्त समय की मांग भी की गई है। इसी आवेदन पर कलेक्टर को फैसला लेने हाईकोर्ट ने कहा है। दूसरी ओर याचिकाकर्ता के वकील अभीजित सरकार का कहना है कि चूंकि यह फैसला मैरिट के आधार पर नहीं हुआ है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाएगी।

बिलासपुर निवासी रजनीश ताम्रकार ने एक जनहित याचिका दायर कर कहा था कि, शासन शहर के पुराने बस स्टैंड स्थित जमीन को कांग्रेस दफ्तर हेतु आवंटित कर रहा है, जबकि इस जगह का इस्तेमाल आम लोगों के हित में किया जाना था। यहां यह जमीन अस्पताल के लिए आबंटित है, इसलिए अस्पताल ही बनना चाहिए। याचिका में कहा गया कि सार्वजनिक उपयोग के स्थल को किसी राजनैतिक दल को सौंप देना प्रजातांत्रिक व्यवस्था के भी खिलाफ है। इस जनहित याचिका पर पहले चीफ जस्टिस की डीविजन बेंच में हुई सुनवाई के दौरान पूर्ववर्ती शासन ने कोर्ट को बताया था कि जमीन का आवंटन निगम अधिनियम नहीं, बल्कि भू राजस्व संहिता के अनुसार कैबिनेट से प्रस्ताव पास करते हुए किया गया था। याचिका में यह भी कहा गया कि करोड़ों की जमीन को कौड़ी के मोल दे दिया गया है और इसका आबंटन निरस्त किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ताओं ने एक और मुद्दा उठाया था कि अगर किसी राजनीतिक दल को पार्टी कार्यालय भवन के लिए जगह आवंटित की गई है, तो दोबारा उसी शहर में जमीन आवंटित नहीं की जा सकती।

### नियमों का पालन ही नहीं किया गया

इसके जवाब में याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि अतिक्रमित शासकीय भूमि के व्यस्थापन, शासकीय भूमि के आबंटन व वार्षिक भू भटक के निर्धारण, वसूली प्रक्रिया के सम्बन्ध में छ.ग. राजस्व पुस्तक परिपत्र के वर्तमान प्रावधानों में आंशिक संशोधन किए गए हैं। इसके अनुसार 7500 (सात हजार पांच सौ वर्गफुट तक की शासकीय भूमि के 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटन तथा अतिक्रमित शासकीय भूमि के व्यस्थापन का अधिकार जिला कलेक्टोरेट को होगा। इससे अधिक शासकीय भूमि के पट्टे पर आबंटन तथा अतिक्रमित शासकीय भूमि के व्यस्थापन का अधिकार राज्य शासन को है। याचिकाकर्ता ने कहा कि नियमों का पालन किए बिना ही छ.ग. शासन द्वारा कांग्रेस भवन निर्माण हेतु 12 फरवरी 2022 को आदेश पारित किया गया है जो कि सर्वथा विधि विरुद्ध है।

### रेवेन्यू बुक सर्कुलर के अनुसार जमीन का आवंटन

पूर्व में राज्य शासन की ओर से महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारियों ने जवाब पेश किया था। इसमें शासन ने कहा है कि याचिकाकर्ताओं को सही तथ्यों की जानकारी नहीं है। कांग्रेस भवन के लिए जमीन का आवंटन नगर निगम भूमि अंतरण नियम के तहत नहीं किया गया है। राज्य शासन ने रेवेन्यू बुक सर्कुलर के अनुसार जमीन का आवंटन किया है। जवाब के मुताबिक राज्य परिवहन निगम के स्वामित्व वाली यहां तीन एकड़ जमीन थी। जिला अस्पताल के लिए पर्याप्त जमीन दी गई है। अस्पताल प्रबंधन ने भूमि की जरूरत नहीं होने संबंधी जानकारी देने के साथ ही अनापत्ति प्रमाण पत्र पेश कर दिया है। इसी आधार पर कांग्रेस कार्यालय भवन के लिए जमीन आवंटित की गई है। यह फैसला कैबिनेट का भी है।

### आबंटन शुल्क जमा करने 6 महीने समय की मांग

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बात सामने आई कि कुल 35 हजार 853 वर्गफुट भूमि के आबंटन के लिए कलेक्टर बिलासपुर ने दो साल पहले एक करोड़ 77 लाख 26 हजार 6 सौ 55 रुपए जमा करने का आदेश दिया था। इस राशि को तत्काल जमा करने कहा गया था लेकिन ऐसा नहीं हो सका। शासन की ओर से कहा गया कि यह आबंटन की शर्तों के खिलाफ है। कांग्रेस की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट सुदीप श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी हमेशा से आबंटन शुल्क जमा करने को तैयार रही है। चूंकि मामला हाईकोर्ट में लंबित था इसलिए ऐसा नहीं किया गया। इसके साथ ही कांग्रेस कमेटी की ओर से कलेक्टर बिलासपुर के समक्ष एक आवेदन भी दिया गया है जिसमें शुल्क जमा करने के लिए 6 महीने के समय की मांग की गई है। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद याचिका निराकृत कर दी है और कलेक्टर बिलासपुर को दो सप्ताह में पूरे मामले में फैसला लेने कहा है।

### मामला लंबित था, इसलिए शुल्क जमा नहीं की

चूंकि मामला हाईकोर्ट में लंबित था इसलिए आबंटन शुल्क जमा नहीं किया गया था। कांग्रेस कमेटी की ओर से कलेक्टर बिलासपुर के समक्ष एक आवेदन भी दिया गया है जिसमें शुल्क जमा करने के लिए 6 महीने के समय की मांग की गई है। इससे पहले भी राजनैतिक पार्टियों के लिए जमीन का आबंटन होता रहा है।

- **विजय केशरवानी,** अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी

### आम नहीं खास लोग करते हैं गलतियां

**बिलासपुर।** कलेक्टोरेट के पास करोड़ों रूपए खर्च कर मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई हैं। लोग यहां अपने वाहन नहीं खड़े करते। लोगो के वाहन नो पार्किंग स्थल पर खड़े किए जाते हैं। विडम्बना यह है कि वाहन खड़े करने वाले वीआईपी होते हैं।




# दहेज के लिए पत्नी से मारपीट, आईपीसी और बीएनएस दोनों की धाराओं में दर्ज हुआ जुर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा क्षेत्र में रहने वाली विवाहिता को शादी के बाद दहेज के लिए प्रताड़ित और मारपीट की गई। पीड़िता ने घटना की शिकायत कोटा थाने में की है। इस पर पुलिस ने आइपीसी और बीएनएस की धाराओं के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस नए कानून के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है।

कोटा थाना प्रभारी उमेश साहू ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली महिला की शादी चार महीने पहले ही हुई है। महिला ने बताया कि शादी के एक सप्ताह बाद ही उसे पति और ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। उस पर मारपीट कर मायके से रुपए लाने का दबाव बनाया जाने लगा। किसी तरह वह ससुराल में ही रह रही थी। इस दौरान उसके मायके वालों ने पति और ससुराल वालों को समझाने की भी कोशिश की। इसके बाद भी ससुराल वालों पर कोई असर नहीं हुआ। ससुराल वालों के बर्ताव में सुधार नहीं होने पर महिला ने कोटा थाने में शिकायत की है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आइपीसी की धारा 294, 498 ए, 506 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2) व 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस नए कानून के तहत पूरे मामले की जांच कर रही है।

### जिले में पहला मामला

एक ही मामले में किसी आरोपी के खिलाफ नए और पुराने कानून की धाराओं के तहत जुर्म दर्ज करने का जिले का ये पहला मामला है। अब तक घटना के आधार पर नए अथवा पुराने मामले में जुर्म दर्ज किया गया है। इस मामले में नया कानून लागू होने के पहले ही दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता रहा। नया कानून लागू होने के बाद महिला से मारपीट की गई। इसके कारण नए और पुराने कानून की धाराओं में जुर्म दर्ज किया गया है।

### प्रताड़ना और मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज

महिला को शादी के बाद से दहेज के लिए प्रताड़ित और धमकी और गाली-गलौज की जाती थी। इसके साथ ही नया कानून लागू होने के बाद उससे मारपीट की गई। इसके कारण आरोपी के खिलाफ नए और पुराने कानून की धाराओं में जुर्म दर्ज किया गया है।

- **नुपुर उपाध्याय,** एसडीओपी कोटा

# पेट्रोल व माचिस लेकर कलेक्टोरेट पहुंच गईं 5 महिलाएं, हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्राम गतौरी और खाम्ही की पांच महिलाएं, जिनकी उम्र 45 से 80 वर्ष के बीच है, अपने पूर्वजों की जमीन छुड़ाने की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचीं। इन महिलाओं के हाथों में पेट्रोल और माचिस भी था। महिलाएं आत्मदाह की चेतावनी दे रही थीं। इससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इसके बाद महिलाएं शांत हुईं। महिलाओं का कहना था कि एक रसूखदार ने उनकी जमीन पर कब्जा करते हुए पेट्रोल पंप बना लिया है। इसे छुड़ाने के लिए पिछले कई सालों से अधिकारियों के चक्कर काट रहीं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। महिलाओं का आरोप है कि कब्जाधारी व्यक्ति उन्हें बार-बार धमकी देता है कि वे इस जमीन के लिए लड़ाई बंद कर दें, नहीं तो उनके साथ बहुत बुरा होगा।

- कलेक्टर ले रहे थे जिले भर के अधिकारियों की मीटिंग
- मौजूद पुलिसकर्मियों ने पेट्रोल छीनकर शांत कराया, मिला आश्वासन

महिला लक्ष्मी बाई (55), संतोषी बाई (45), मिलापा बाई (60), बहुरा बाई (70), और गणेशिया बाई (80) ने बताया कि यह जमीन उनके पिता स्वर्गीय शिव सिंह के नाम पर दर्ज थी। मौजा गतौरी प.ह.नं. 21, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील और जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि जिसका खसरा नं. क्रमशः 769/1, 769/2, और 769/3 है, का कुल रकबा 1.53 एकड़ है। वर्तमान में, खसरा 769/1 और 769/2 किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर दर्ज हो चुका हैं, जबकि खसरा 769/3 शासकीय भूमि के मद में दर्ज कर दिया गया है।




### कब्जाधारी से अधिकारियों की मिलीभगत

महिलाओं ने बताया कि उन्होंने इस मामले को लेकर अनुविभागीय अधिकारी के न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया है। अनुविभागीय अधिकारी ने तहसीलदार बिलासपुर को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार लेकिन लगातार हमसे रजिस्ट्री पेपर प्रस्तुत करने का दबाव बना रहे हैं, जबकि असली दस्तावेज अनावेदक को प्रस्तुत करना चाहिए। इससे अधिकारियों की मिलीभगत भी लग रही है। पीड़ित महिलाओं ने यह भी कहा कि कब्जाधारी व्यक्ति उन्हें बार-बार धमकी देता है कि वे इस जमीन के लिए लड़ाई बंद कर दें, नहीं तो उनके साथ बहुत बुरा होगा। इसके चलते महिलाएं न्याय की गुहार लगाने के लिए कलेक्टोरेट पहुंचीं थीं।

### एक्टिव हुआ प्रशासन, उचित कार्रवाई के निर्देश

महिलाएं पेट्रोल और माचिस लेकर आत्मदाह की धमकी दे रही थीं और कहा कि यदि उनकी जान चली गई तो उसकी जिम्मेदारी कलेक्टर साहब की होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब होने के कारण उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। महिलाओं ने साफ कहा कि अगर उन्हें उनकी जमीन नहीं मिली तो वे आत्मदाह करने पर मजबूर हो जाएंगी। इस घटनाक्रम की जानकारी जैसे ही प्रशासन को हुई अधिकारियो में हड़कंप मच गया और वहां उपस्थित पुलिस कर्मियों ने पेट्रोल को अपने पास रख लिया महिलाओं के आक्रोश और आत्मदाह की धमकी को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।




परिसीमन को लेकर दिनभर चली उठापटक

# नगर निगम वार्डों के परिसीमन की अधिसूचना जारी, दावा-आपत्ति के लिए सात दिनों की मोहलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के क्षेत्र अंतर्गत वार्डों के परिसीमन को लेकर सोमवार को पूरे दिन कलेक्टोरेट से लेकर निगम कार्यालय तक उठापटक चलती रही और शाम को परिसीमन की अधिसूचना जारी कर दी गई। परिसीमन तहत नगर निगम क्षेत्र को 70 वार्डों में विभाजित किया गया है। इसके साथ ही परिसीमन पर दावा-आपत्ति के लिए सात दिनों की मोहलत दी गई है।

नगर निगम क्षेत्र के 70 वार्डों के परिसीमन को लेकर पिछले कई दिनों से कवायद चल रही थी और नगर निगम में इसके लिए टीम गठित की गई थी। पहले परिसीमन की अधिसूचना 9 जुलाई को जारी होने वाली थी, किन्तु बाद तिथि बढ़ने के कारण अधिसूचना प्रकाशन के लिए 15 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई, इसलिए इसे लेकर आज सुबह से लेकर शाम तक कलेक्टोरेट कार्यालय से नगर निगम आफिस तक उठापटक चलती रही और प्रस्ताव पर कलेक्टर अवनीश शरण के हस्ताक्षर के बाद शाम को अधिसूचना जारी कर दी गई। इसमें निगम क्षेत्र को 70 वार्डों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक वार्ड के सीमा निर्धारण किया गया है। नगर निगम कार्यालय, जोन एक सकरी, जोन दो तिफरा, जोन तीन टाउनहाल, जोन चार व्यापार विहार, जोन पांच सिटी कोतवाली के सामने, जोन 6 तोरवा, जोन 7 राजकिशोरनगर, जोन 8 सिटी बस डिपो कोनी कार्यालय में निरीक्षण के लिए रखा गया है। परिसीमन को लेकर दावा-आपत्ति के लिए सात दिवस की मोहलत दी गई है।

### 22 जुलाई तक दावा-आपत्ति

नगर निगम के 70 वार्डों के परिसीमन के संबंध में 15 जुलाई से लेकर 22 जुलाई तक दावा आपत्ति किया जा सकता है। इसके लिए निगम के सभी आठों जोन कार्यालयों में निगम के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये कर्मचारी निर्धारित जगहों पर परिसीमन के संबंध में आम लोगों से आपत्ति, सुझाव प्राप्त करेंगे।

## खबर संक्षेप

### दृढ़ संकल्प के बिना सफलता पाना संभव नहीं : बीके स्वाति



**बिलासपुर।** दृढ़ निश्चय मन की एक शक्ति है, जो हम सबके पास होती है और हम इसे जितना चाहें उतना अधिक बढ़ा सकते हैं। दृढ़ संकल्प के बिना हम बाहरी रूप से कुछ भी करेंगे तो भी संपूर्ण सफलता प्राप्त नहीं कर पाएंगे। उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने रविवार को ईश्वरीय महावाक्य सुनाते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिस क्षण हम अपने लक्ष्य को पूरा करने के बारे में सोचते हैं, उसी क्षण से उस लक्ष्य तक पहुंचने में अनेक बाधाएं आ सकती है और आध्यात्मिक शक्ति के बिना हम इन बाधाओं को पार नहीं कर सकेंगे। उन्होंने दृढ़ता के महत्व को बताते हुए कहा कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सर्वप्रथम उस लक्ष्य के लिए संकल्प करना, दूसरा निश्चित लक्ष्य निर्धारित करना, तीसरा उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उमंग होना और चौथा सबसे महत्वपूर्ण उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ता का होना आवश्यक है। किसी भी चीज़ को अच्छी तरह से मजबूत करने के लिए उसके चारों कोनों का मजबूत होना आवश्यक है।

### राजकिशोर नगर में लगाई गई साइबर की पाठशाला, बच्चों को किया जागरुक



**बिलासपुर।** सपना महिला समिति द्वारा होली नर्सरी स्कूल राजकिशोर नगर में साइबर की पाठशाला आयोजित की गई। इसमें एडीशनल एसपी यातायात नीरज चंद्राकर, संजय साहू डीएसपी यातायात, सब इंस्पेक्टर ट्रैफिक उमाशंकर पाण्डेय, सिद्धार्थ बघेल सीएसपी सरकंडा तोप सिंह नवरंग टीआई ने बच्चों को आजकल होने वाले साइबर फ्राड के बारे में समझाया एवं बचने की सलाह दी। इसके बाद एक पेड़ मां के नाम पर फलदार पौधे का रोपण किया गया। सभी अतिथियों को समिति की ओर मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में होली नर्सरी स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों सहित सपना महिला समिति की अध्यक्ष सपना सराफ, एके कंठ, कुनाल केडिया, चंद्र किशोर प्रसाद, उपमा अग्रवाल, जिग्यासा सराफ, गीता दुबे, अंजली कैंवट, तापस अधिकारी, तरनजीत कुमार, सुदीप दुबे, सात्विक सराफ उपस्थित थे।

### निषाद पार्टी ने किया छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का सम्मान



**बिलासपुर।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी छत्तीसगढ़ संजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। साथ ही निषाद मछुआ समाज की वीरांगना बिलासा देवी के लिए पचरी घाट में उनका भव्य भवन निर्माण और रोड का नामकरण तथा उनकी भव्य मूर्ति के लिए आवेदन दिया गया। मुलाकात के दौरान निषाद पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिसमें प्रदेश संगठन महामंत्री राजकुमार निषाद, जिला अध्यक्ष शक्ति बीके राही , जिला अध्यक्ष बेमेतरा मुकेश निषाद , बिल्हा विधानसभा अध्यक्ष रोहित निषाद , कोषाध्यक्ष बिल्हा विधानसभा शिव प्रसाद निषाद उपस्थित रहे।

### हरदी में पौधरोपण कार्यक्रम, लगाए गए 100 से अधिक फलदार पौधे




**बिलासपुर।** हरदी में रविवार को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित कर 100 से अधिक पेड़ लगाए गए, जिनमें पीपल, नीम, बरगद, जामुन, आम, करंजा आदि पौधे थे। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, पार्टी की महासचिव वदूद आलम, मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय, एक्स आर्मी मैन संजीत विश्वकर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला, प्रदेश संगठन मंत्री अभिषेक मिश्रा सम्मिलित हुए। इनके अलावा बीएनआईपरिवार से डॉ.किरनपाल सिंह चावला, कमलजीत कौर सलूजा और गुरवीर चावला उपस्थित रहे। बाहुबली उद्योग के प्रोपराइटर चिन्मय चंदरिया, अपेक्षा परमार , रवि यादव , खगेश केवट, अश्विनी कौशिक, सुभाष चंद्र एवं नवीन साहू, अंबिका सेल्स से श्री पटेल, पंकज श्रीवास्तव शामिल हुए। सचिन यादव , अभिजीत दास और बीएनआई परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम जसबीरसिंह चावला के सौजन्य से आयोजित किया गया था जो बीएनआई मेंबर और आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव संगठन एवं जेआरसी ब्रिक्स के प्रोपाइटर हैं। कार्यक्रम में विनोद पांडे एड प्रयास के डायरेक्टर का विशेष सहयोग रहा।

**इन स्कूलों में कैसे पढ़ेंगे विद्यार्थी**

**स्कूलों में व्यवस्था सुधारने शिक्षा विभाग सालभर से दावा कर रहा, मौके पर सब खोखले साबित हो रहे**

# जिले के 130 से अधिक स्कूलों में टॉयलेट जर्जर, 600 में बॉउंड्रीवाल नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को चमकाया जा रहा है, इधर हिंदी माध्यम के पुराने स्कूलों में कहीं टॉयलेट जर्जर हो गए हैं तो कहीं है ही नहीं। जिला शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिले के 130 स्कूलों में टॉयलेट जर्जर हो चुके हैं। इसके अलावा 600 स्कूलों में तो बॉउंड्रीवाल नहीं है। स्थिति इतनी खराब है।

स्कूलों में टॉयलेट जर्जर होने के कारण विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ को अक्सर परेशान होना पड़ रहा है। जब भी उन्हें टॉयलेट जाना होता है, तो स्कूल से भागते या तो नदी-तालाब की ओर भागते हैं या फिर घर जाना पड़ता है। इससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर जर्जर टॉयलेट कब धराशायी हो जाए इस बात की भी चिंता बनी रहती है। ऐसे स्कूलों में व्यवस्था सुधारने शिक्षा विभाग सालभर से दावा कर रहा है, पर अब तक न तो जर्जर टॉयलेट का जीर्णोद्धार किया गया और न ही नए टॉयलेट बनाए गए। प्रभावित स्कूलों के शिक्षकों ने बताया कि कई बार बीईओ कार्यालय और बीईओ से डीईओ कार्यालय में प्रस्ताव बनाकर टॉयलेट बनवाने की मांग की गई है, लेकिन अब तक न ही टॉयलेट बना है और न ही जर्जर टॉयलेट की मरम्मत कराई गई है।



### शिक्षिका व छात्राओं को सबसे ज्यादा परेशानी

टॉयलेट न होने से महिला शिक्षकों व छात्राओं को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। कई शिक्षिकाओं ने बताया कि विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए आते हैं, लेकिन उन्हें प्रसाधन की चिंता बनी रहती है। छात्राओं को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### 4 साल पहले 1.35 करोड़ हुए थे जारी

राज्य सरकार की ओर से सत्र 2018-19 और 2019-20 के लिए विभिन्न स्कूलों में शौचालय निर्माण के तहत 1 करोड़ 35 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी। इसमें सर्वाधिक 78 बालिका स्कूल शामिल हैं, जहां सर्वसुविधायुक्त टायलेट का निर्माण किया जाना था। इसके लिए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना अधिकारी राज्य माध्यमिक शिक्षा मिशन ने प्रशासकीय स्वीकृति निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को जारी की गई थी। लेकिन अभी तक अधिकतर स्कूलों में नया टॉयलेट ही नहीं बना है।

### शासन को भेजा है प्रस्ताव

जर्जर स्कूल के साथ ही जहां टॉयलेट की समस्या है वहां की जानकारी बीईओ के माध्यम से मंगाकर उसे शासन को भेजा गया है। शासन से राशि जारी होने के बाद यहां काम शुरू करा दिया जाएगा।

**-टीआर साहू,** जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर।

**भाजपा ने मतदाता अभिनन्दन समारोह का किया आयोजन**

# देश की जनता अभिनंदन करने के योग्य तीन बार बड़े जनादेश से चुना : तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- शहर के विभिन्न वार्डों से आए सैकड़ों मतदाताओं का किया गया अभिनंदन

लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी मतदाताओं के प्रति आभार ज्ञापित करने देश भर में विधानसभा स्तर पर मतदाता अभिनंदन अभियान चला रही है। इसी तारतम्य में सोमवार को बिलासपुर विधानसभा में मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के शामिल सैकड़ों मतदाताओं का विधिवत अभिनंदन कर आभार ज्ञापित किया गया। व्यापार विहार स्थित त्रिवेणी भवन में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि भारत की जनता निश्चित ही अभिनंदन करने योग्य है, जिन्होंने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार को एक बड़े जनादेश देकर चुनाव कर रही है । इसकी परिणीति ये हुई कि आज देश की सीमाएं सुरक्षित है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की स्थिति मजबूत हुई है। कश्मीर के जटिल मुद्दे का समाधान करने में सफल रहे हैं। हम पांचवीं से तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को सिर्फ लूटने का काम किया है। पांच में उन्होंने प्रदेश को कर्जा में डूबों दिया। भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं लांघ दी गई। माफियाओं को अवैध संरक्षण दिया गया। पांच साल में ही जनता ने कांग्रेस के वास्तविक चरित्र को पहचान लिया और प्रदेश में सुशासन के लिए मतदान किया। प्रदेश में भाजपा को एकबार फिर मौका दिया, वहीं नरेंद्र मोदी सरकार को तीसरी बार सरकार बनाने जनादेश दिया। आज ऐसे मतदाताओं का अभिनंदन करने में बहुत ही हर्ष हो रहा है। समारोह को मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने अपने जाने पहचाने अंदाज में शासन की योजनाओं और उपलब्धियों की तुकबंदी कर उपस्थित मतदातों ओर कार्यकर्ताओं को खुश कर दिया।



मतदाता अभिनंदन समारोह को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू।

### कार्यकर्ताओं ने नेताओं को जिताया, अब उनकी बारी

इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव परिणाम से पार्टी और कार्यकर्ताओं में उत्साह है। हम उत्तर से दक्षिण तक कमल खिलाने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं, जिसमे हमें सफलता प्राप्त हुई है। अब नगरी निकाय और पंचायत चुनाव का समय करीब है। कार्यकर्ताओं ने नेताओं को चुनाव जिताया है, अब कार्यकर्ताओं की बारी है। अब कार्यकर्ता चुनाव लड़ेंगे और मंच पर बैठे नेता उन्हें जिताने संघर्ष करेंगे। नगरी निकाय और पंचायत चुनाव में जनप्रतिनिधि बनाने की जिम्मेदारी अब नेताओं की है।



**एजुकेशन प्लस**

### असफलता, सफलता की ओर बढ़ने पहला कदम : विडवाल



**बिलासपुर।** यूपीएससी में सलेक्ट नेहा विडवाल का द जैन इंटरनेशल स्कूल में भव्य स्वागत हुआ । सुश्री नेहा 25 वर्ष की आयु में यूपीएससी में चयनित हुई हैं। स्कूल के प्राचार्य अभिषेक नायडू ने सुश्री नेहा विडवाल का अभिनंदन कर स्वागत किया। इस अवसर पर सुश्री नेहा ने जैन स्कूल के 10वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स के साथ अपनी सफलता और जीवन के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने सफलता के लिए एकाग्रता और अथक परिश्रम के महत्व को समझाया। इस दौरान जैन स्कूल के विद्यार्थियों ने कई प्रश्न किए, जिनका जवाब सुश्री नेहा ने बड़ी ही सहजता से दिया। उन्होंने कहा कि असफलता हमारे जीवन का बंद दरवाजा नहीं होती अपितु सफलता की ओर बढ़ने का पहला कदम होती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के सदस्यों और दोस्तों को दिया।

### बीपीएस ने मनाया वन महोत्सव पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल व्यापार विहार द्वारा 11 व 13 जुलाई को दो दिवसीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया । वन महोत्सव का मुख्य उद्देश्य आमजन के बीच पर्यावरण एवं वनों के महत्व तथा संरक्षण की आवश्यकता के संबंध में जागरूकता फैलाना था । जनमानस के हृदय को सरलता से स्पंदित करने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यावरण रास जैसे - पेड़ों की कटाई, पॉलिथीन का प्रयोग, प्रदूषण का उत्सर्जन आदि से धरती माता के दुखों को व्यक्त किया गया । इस नुक्कड़ नाटक में पर्यावरण असंतुलन के परिणाम स्वरूप होने वाले दुष्प्रभाव जैसे - प्राकृतिक संसाधनों की क्षति, बर्फ का पिघलना, चक्रवात, बाढ़, सूखा , भूकंप आदि को बताया। इसके अलावा रैली के माध्यम से भी उपरोक्त विषयों पर ध्यान आकृष्ट करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण का संदेश दिया गया।

# सीजी बोर्ड: 8569 छात्र देंगे दूसरी बार परीक्षा, प्रवेशपत्र जारी, 23 से एग्जाम

**बिलासपुर।** दसवी-बारहवीं सीजी बोर्ड की द्वितीय मुख्य व अवसर परीक्षा के लिए जिले के 8569 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। इसमें फेल व पूरक के साथ ही प्रथम परीक्षा में पास छात्रों ने भी श्रेणी सुधार के लिए आवेदन किया है। 23 जुलाई से परीक्षा शुरू होगी। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। प्रदेश में यह पहली बार है, जब एक साल में दसवीं बारहवीं की मुख्य परीक्षा दो बार होगी पहली बोर्ड परीक्षा मार्च 2024 में हुई थी, उसमें प्रदेश के करीब 6 लाख छात्र शामिल हुए थे। इसकी इसमकी तुलना में द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन कम मिले हैं, जबकि पहली परीक्षा में 1.32 लाख छात्र पूरक व फेल हुए थे। इसी तरह श्रेणी सुधर के लिए पास हुए छात्रों ने भी आवेदन किया है। छात्र माध्यमिक शिक्षा मंडल के वेबसाइट से प्रवेश पत्र निकाल सकते है। इधर दसवीं-बारहवीं के फाइनल मेरिट लिस्ट जल्द जारी करने के लिए अफसर तैयारी में जुटे हुए हैं।

### 23 और 24 जुलाई से परीक्षा शुरू

बोर्ड की द्वितीय परीक्षा की शुरूआत बारहवीं से हो रही हैं। परीक्षा 23 जुलाई से 12 अगस्त तक होगी। जबकि दसवीं की परीक्षा 24 जुलाई से 8 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। अफसरों के मुताबिक छत्तीसगढ़ बोर्ड के तहत अब हर साल में दो बार बोर्ड परीक्षा होगी। पहली फरवरी-मार्च प्रथम और जून-जुलाई में द्वितीय मुख्य परीक्षा होगी।

### ओपन स्कूल की परीक्षा 10 अगस्त से

ओपन स्कूल की द्वितीय मुख्य व अवसर परीक्षा 10 अगस्त से शुरू होगी। इसके लिए आवेदन पांच जुलाई तक विलंब शुल्क के साथ मंगाई गई थी। इसके लिए 30 हजार से अधिक आवेदन मिले हैं। ओपन स्कूल पहले साल में दो बार आयोजित की जाती थी, लेकिन इस साल से तीन बार परीक्षा आयोजित होगी।

# कलेक्टर ने फोटो खींच भेजा, कहा-जल्द करें निराकरण

- 200 लोगों ने बताई अपनी समस्याएं

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने साप्ताहिक जनदर्शन में सोमवार को दूर-दराज से आए ग्रामीणों, किसानों, मजदूरों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को जल्द निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में कलेक्टर से लगभग 200 लोगों ने मुलाकात कर निजी और सामुदायिक मांग और समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। कलेक्टर ने किसानों से खाद, बीज उपलब्धता की जानकारी ली। तत्काल निराकृत होने वाले प्रकरणों को मौके पर ही समाधान किया। कलेक्टर ने कुछ आवेदनों का स्वयं ही फोटो लेकर संबंधित अधिकारियों को वाट्सअप पर भेजते हुए जल्द निराकरण के निर्देश दिए।



### सेवानिवृत्त प्राचार्य ने पेंशन निराकरण की लगाई गुहार

सकरी तहसील के बिसुन लाल साहू ने अपनी निजी जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की। कलेक्टर ने इस मामले का परीक्षण करने का निर्देश तहसीलदार सकरी को दिए। बिल्हा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोरमी की सरपंच श्रीमती अंजू बंजारे ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के आहाता के अंदर से अवैध कब्जा हटाने की मांग की। इस मामले को बिलासपुर तहसीलदार देखेंगे। सेवानिवृत्त प्राचार्य श्याम लाल पुलस्त ने बकाया वेतन और पेंशन प्रकरण का जल्द निराकरण करवाने की मांग की। कलेक्टर ने इस पत्र को जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करते हुए जल्द निराकरण के निर्देश दिए।

**सीयू में युवा सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों की क्षमता संवर्धन कार्यक्रम**

# सामाजिक शोध का लक्ष्य अंत्योदय होना चाहिए: प्रो. चक्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में दो सप्ताह का युवा सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों की क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 15 जुलाई को रजत जयंती सभागार में आयोजित उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. प्रकाशमणि त्रिपाठी, कुलपति, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक रहे।

विशिष्ट अतिथि प्रो. नीलांबरी दवे एवं कुलसचिव प्रो. एएस रणदिवे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने की। कार्यक्रम की थीम- केपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम ऑन रिसर्च मैथडोलॉजी इन सोशल साइंस केटरिंग टू ट्वेंटीफस्ट सेंचुरी नीड्स है। कार्यक्रम में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से 30 प्रतिभागी शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि शोध का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाना होना चाहिए। अंत्योदय की भावना के साथ किया गया शोध राष्ट्र के विकास में सहायक होता है। इस दो सप्ताह के कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी भविष्य का शोध विमर्श करने आए हैं तथा इसमें ऐसे सभी पूर्ण मनोयोग के साथ योगदान करें।

कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने शोधार्थियों व शिक्षकों को अंतर विषयक शोध की स्वतंत्रता प्रदान की है। इसके माध्यम से शिक्षण एवं अधिगम में लचीलापन एवं सामयिकता का विकास हुआ है। अपने विषय तक शोध को सीमित न रखते हुए वॉटर टाइट कंपारटमेंट से बाहर निकलकर एक-दूसरे के ज्ञान से संवर्धित होते राष्ट्र को ज्ञान का प्रकाशपुंज बनाने में सहयोग प्रदान करना चाहिए।



कार्यक्रम को संबोधित करते विश्वविद्यायल के कुलपति प्रो. चक्रवाल।

# 31 जुलाई तक रिटर्न फाइल नहीं करने पर 5 हजार तक जुर्माना

**बिलासपुर।** वित्त वर्ष 2023-24 (असेसमेंट ईयर 2024-25) के लिए 31 जुलाई तक इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करना है। ऐसे में आईटीआर फाइल नहीं करने पर 5 हजार रुपए की पेनाल्टी लग सकती है। कर सलाहकारों के मुताबिक समय रहते रिटर्न फाइल करने से न केवल पेनल्टी से बचाव होता है, बल्कि इसके 4 और फायदे भी हैं।

कर सलाहकार राज गोयल के मुताबिक आईटीआर दाखिल नहीं करने पर आपको जुर्माना यानी पेनल्टी चुकाना पड़ सकती है। अगर किसी इंडिविजुअल टैक्सपेयर की सालाना आय 5 लाख रुपए से ज्यादा है, तब उसे 5,000 रुपए की लेट फीस देनी होगी। अगर टैक्सपेयर की सालाना कमाई 5 लाख रुपए से कम है, तब उसे लेट फीस के रूप में 1,000 रुपए भरने होंगे। इसके साथ ही अभी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के पास कई सोर्सों से आपकी आय की जानकारी पहुंच जाती है, समय पर रिटर्न दाखिल नहीं करने पर आयकर विभाग उन जानकारियों के आधार पर आपको नोटिस भेज सकता है। इनकम टैक्स नियमों के अनुसार यदि किसी करदाता ने टैक्स नहीं चुकाया है या उस पर बनने वाले कुल टैक्स का 90 प्रतिशत से कम चुकाया है तो उसे सेक्शन 234 बी के तहत हर महीने 1% ब्याज पेनल्टी के रूप में चुकाना होगा। इस तरह समय से रिटर्न दाखिल कर इनकम टैक्स पर लगने वाले ब्याज की बचत कर सकते हैं।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 16 जुलाई 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## पहल

### स्कूल की फीस के साथ प्रशिक्षण का खर्च उठाएगा पायल फाउंडेशन



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय पाठशाला छठवीं कक्षा के छात्रों ने पैसे नहीं होने पर फीस जमा नहीं कर पा रहे थे, जिससे हताश होकर स्कूल छोड़ने का निर्णय ले लिया था। ऐसी परिस्थितियों में पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फॉउंडेशन की अध्यक्ष पायल शब्द लाठ एवं सचिव चंचल सलूजा ने तीनों छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया और साल भर की फीस जमा कर पढ़ाई का बीड़ा उठाया है। पायल शब्द लाठ ने बताया कि छात्र-छात्राएं गरीब परिवार से हैं, उनके माता-पिता रिक्शा एवं घर में काम करके परिवार की आजीविका चलाते हैं। संस्था को जानकारी मिली थी कि सालाना फीस जमा न हो पाने से राष्ट्रीय पाठशाला स्कूल की तीन छात्र छात्रा पढ़ाई छोड़ने की स्थिति में हैं, स्कूल प्रिंसिपल मानिक भट्टाचार्य ने संस्था के चंचल सलूजा से सम्पर्क किया तब पता चला कि तीनों छात्र की सालाना फीस नहीं जमा हुई है। उनका परिवार फीस पटाने में असमर्थ है, जिस कारण बच्चे तीनों पढ़ाई वंचित हो रहे थे, तब पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन ने तीनों छात्र-छात्राओं की फीस को जमा कर उन्हें आगे पढ़ने का हौसला दिया। पायल लाठ ने कहा कि कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न हो, समाजसेवी संस्थाओं को पहल करनी चाहिए। फाउंडेशन ने 25 बच्चियों को गोद लिया है जिनको अपनी सेल्फ डिफेंस सुरक्षा के लिए कराते प्रशिक्षण दिया जाएगा, साथ ही स्पोकन इंग्लिश कोचिंग दी जाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय पाठशाला स्कूल के प्रिंसिपल मानिक भट्टाचार्य, स्कूल टीचर मनीषा तिवारी, राधिका केसरवानी, नीलिमा सोनी, द्वारकापुरी गोस्वामी चपरासी,पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फॉउंडेशन की प्रेसिडेंट पायल शब्द लाठ, सचिव चंचल सलूजा उपस्थित थे।

## आयोजन

### कल्याण कुंज वृद्धाश्रम में कपड़े भोजन पैकेट का वितरण



**बिलासपुर।** महिला एवं युवा यादव समाज बिलासपुर ने कल्याण कुंज वृद्ध आश्रम बिलासपुर जाकर कपड़े व भोजन पैकेट का वितरण किया।

महिला एवं युवा यादव समाज बिलासपुर के महासचिव टीकाराम यादव ने अपने जन्मदिन पर महिला व युवा यादव समाज के पदाधिकारी सदस्यों के साथ वृद्ध आश्रम जाकर अपना जन्मदिन मनाया और कहा कि यदि मन में सेवा का भाव हो तो सेवा कार्य रोके नहीं रूकता है। उन्होंने वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को कपड़े, भोजन व फल के पैकेट वितरित किया। वहीं संगठन के संरक्षक भरत यादव, तेरस यादव, अमित यादव , गौरीशंकर यादव, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, रंजित यादव, दीपा यादव, अंकिता यादव, सरिता यादव ने कपड़े व खाने की सामग्री वितरित कर वृद्धजनों की सेवा की एवं उनसे आशीर्वाद लिया।

- **यादव समाज के टीकाराम के जन्मदिन पर हुआ सेवा कार्य**

## सत्संग

### क्रोध छोड़ने के लिए जीवन में आध्यात्म का समावेश आवश्यक : बीके मंजू



**बिलासपुर।** क्रोध करना किसी को अच्छा नहीं लगता और ना ही क्रोध करने से किसी को खुशी मिलती है। फिर भी हम क्रोध करते हैं। क्रोध और अन्य विकार हमारे जीवन में भूतों की तरह है। इन्हें छोड़ने के लिए दैनिक जीवन में आध्यात्म का समावेश आवश्यक है।

उक्त बातें सरस्वती शिशु मंदिर की पूर्व प्राचार्या स्मृति भूरंगी के निवास स्थान में आयोजित सत्संग में टिकरापारा सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने कही। उन्होंने बताया कि आध्यात्म के बारे में लोगों के मन में भ्रांतियां यह है कि समाज, कार्य, घर-द्वार, मोह माया को छोड़कर ही आध्यात्म को अपनाया जाता है, जबकि वास्तविकता यह है कि हम घर गृहस्थ में रहते हुए आध्यात्म को अपना सकते हैं। आध्यात्म हमारे जीवन से सिवाय बुराइयों के और कुछ नहीं छुड़ाता। कोई भी बात पहले से दसवें व्यक्ति को पहुंचने तक निश्चित ही बदल जाती है, इसलिए सुनी सुनाई बातों पर विश्वास ना करें। भ्रांति छोड़कर प्रतिदिन ज्ञान का श्रवण करते रहें, सत्यता स्वयं सिद्ध हो जाएगी।

- **सत्संग में दैनिक जीवन में आध्यात्म की भूमिका का बताया महत्व**

**आध्यात्मिकता की पहली सीढ़ी प्रेम :** आत्मा परमात्मा की बातों से पहले आध्यात्मिकता हमें प्रेम सिखाती है क्योंकि भगवान को भी प्यार का सागर कहा जाता है। घर परिवार में हम अपनों से यदि एक कड़वा शब्द बोल देते हैं तो साल भर में 365 शब्दों का हिसाब बन जाएगा। आपसी संबंधों में यदि हम शब्दों को पकड़ लेते हैं तो यह स्वाभाविक है कि मन भारी होगा और तनाव से अवसाद की ओर चले जाएंगे।

सांई ने की छेरापहरा की रस्म, रस्सा खींचने रही भारी भीड़

# मौसी मां मंदिर से निकली महाप्रभु जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा

**रेल्वे परिक्षेत्र स्थित श्री मौसी मां मंदिर से सोमवार को महाप्रभु जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में भी रस्सा खींचने श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ रही। छेरापहरा की रस्म श्री सांई ने की। रास्ते भर बहुड़ा यात्रा का स्वागत किया जाता रहा।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री जगन्नाथ पूजा सेवा समिति के सचिव ने बताया कि गुण्डिचा यात्रा के बाद से महाप्रभु जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ पूरे 8 दिन तक मौसी मां मंदिर में रहे। यहां उनके सम्मान में सत्संग, भजन, ओडिशी व संबलपुरी डांस की प्रस्तुति दी जाती रही। मौसी मां मंदिर में भगवान जगन्नाथ एकदम आनंदित रहे। हर दिन विशेष पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालु भक्त अपने घरों से भोग बनाकर भगवान को अर्पित करते रहे। 9 वें दिन सोमवार को महाप्रभु जगन्नाथ की उत्साह के साथ बहुड़ा यात्रा निकाली गई। यात्रा निकालने से पहले सुबह भगवान की विधि-विधान से पूजा कर मंगल आरती की गई। फिर दोपहर में लकड़ी से तैयार सुदर्शन चक्र, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा व भगवान जगन्नाथ के विग्रह को रथ पर एक-एक कर श्रद्धालु भक्तों द्वारा बिठाया गया। रथ में पूजा के बाद छेरापहरा की रस्म श्री सांई ने की। अतिथि के बाद श्रद्धालु भक्तों रस्सा खींचा। फिर रथ मौसी मां मंदिर से निकलकर तोरवा, जगमल चौक, गांधी चौक, पुराना हाईकोर्ट, तारबाहर नाका, तितली चौक होते हुए पुनः श्री मंदिर पहुंचा। रास्ते में महाप्रभु के सम्मान में प्रसाद का वितरण किया जाता रहा। जय जगन्नाथ के जयकारे लगते रहे।

### नाराज माता लक्ष्मी ने भगवान को रोका दरवाजे पर

बहुड़ा यात्रा के बाद महाप्रभु के श्री मंदिर पहुंचने पर नाराज माता लक्ष्मी उन्हें मंदिर में घुसने नहीं दे रही थीं। काफी मान मनौव्वल के बाद भी मां लक्ष्मी मानने तैयार नहीं थीं। फिर उन्हें रसगुल्ला खिलाने पर भगवान को अंदर आने दी। समिति के सदस्यों द्वारा इस बात को मंदिर के दरवाजे में दर्शाया भी गया, जो कि काफी आनंददायक रहा। इसके बाद सुदर्शन चक्र, भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व बहन सुभद्रा के विग्रह को श्री मंदिर में बैठाया गया। अब मंदिर के पुजारी पं. गोविंद पाणी के सानिध्य में हर दिन नियमित रूप से पूजा पाठ किया जाता रहेगा।

# छंदशाला की गोष्ठी में कवियों कवियित्रियों ने किया काव्य पाठ

छंदशाला के तत्वावधान में रेशम अनुसंधान केन्द्र रमतला में पावस गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार बुधराम यादव, विजय तिवारी, विनय पाठक थे। अध्यक्षता ओमप्रकाश भट्ट ने की।



### रेशम अनुसंधान केन्द्र रमतला में किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गोष्ठी पूर्णतः पावस पर आधारित रही। इसमें पावस के विभिन्न पक्षों की ओर सभी कवियों और कवियित्रियों ने ध्यान आकृष्ट कराया एवं काव्य पाठ किया। कवि विजय तिवारी ने बरस मेघ भू ताप घटे, मन के कुछ तो पाप घटे.., विनय पाठक ने ओ बरसा के पहले बादर.., सुषमा पाठक ने रंग बिरंगी हुई धरा, इठलाती हर डाली है..., शैलेंद्र गुप्ता ने करिया बादर कहा लुकागे, काला देख लजावत हे.., अमृत पाठक ने विरह में ब्रजधाम सावन आ गया.., ओमप्रकाश भट्ट ने क्षणिका एवं मनीषा भट्ट ने झूल रही है सखियां मिलकर सावन है.., मनमीत, हूपसिंह क्षत्रिय ने तेरे बिन लगता है जैसे पावस भी मुझसे रुठी है..., बुधराम यादव ने कैसे गीत लिखू निष्ठुर पावस के आने का.., पूर्णिमा तिवारी ने रीत बावरी कैसी है.., डॉ सुनीता मिश्रा ने गीत-अंतस के कोने से मैने, भाव चुराकर लाए फिर पावस बरसाए.., उषा तिवारी ने खिंची कर्म की रेखा छोड़ भरोसा भाग का.., कामना पांडेय ने मोहना मन मोह लेता , रुप यह अभिराम..., मयंक दुबे ने सजल, प्रवेश भट्ट और विपुल तिवारी ने गजल और एमडी मानिकपुरी ने छत्तीसगढ़ी गीत से समां बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन कवियित्री डॉ. सुनीता मिश्र और आभार प्रदर्शन कवि विनय पाठक ने किया ।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में इंजीनियर दामोदर मिश्रा, विजय पाठक, नरेंद्र बरेठ, विजेता कोरी, छंदशाला परिवार के सदस्य, रेशम अनुसंधान केन्द्र रमतला के कर्मचारी, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं प्रबुद्ध श्रोता उपस्थित थे।

### बगलामुखी देवी की कमला देवी के रूप में की गई पूजा

सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में आषाढ़ गुप्त नवरात्र उत्सव का सोमवार को समापन हुआ। इस अवसर पर कन्याओं की पूजा कर उन्हें भोजन कराया गया।



# गुप्त नवरात्रि के समापन पर कराया गया कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि त्रिदेव मंदिर में नवरात्र के दसवें दिन सुबह श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन श्रृंगार कमला देवी के रूप में किया गया। श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक, महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती देवी का षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया पूर्वक अभिषेक कर भगवान श्री राम का पूजन एवं श्रृंगार किया गया। प्रतिदिन रात्रि में पीताम्बरा हवनात्मक महायज्ञ में श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी मंत्र द्वारा 21 हजार आहुतियां देकर महाआरती की जा रही है, जो कि चातुर्मास पर्यंत निरंतर चलेगा।



**ये रहे मौजूद :** कन्या पूजन के दौरान महामण्डलेश्वर सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय संत समिति छत्तीसगढ़ अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री नंददास गंगोतिया रायपुर, किशोर राय व अर्जुनदास बजाज सपत्नीक, सुपर्णा सिंह, हर्षवर्धन अग्रवाल सहपरिवार, धीरेंद्र पाण्डेय, पं. मधुसूदन, पं. संजय, पं. दुर्गेश, पं. नीतिश, अंकिता, अपराजिता, लक्ष्मी देवी पाण्डेय, गीता दुबे, अंजनी शुक्ला, पम्मी अवस्थी, केसरी नंदन पाण्डेय, गौरी, अमिता-दीपेश पाण्डेय उपस्थित थे।

## कार्नर न्यूज

67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता, खिलाड़ियों को 21-21 हजार रुपए पुरस्कार

# शहर के 6 खिलाड़ियों को मिला गोल्ड मैडल

67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 झारखंड के रांची शहर में आयोजित हुई थी। इसमें खेलविधा कबड्डी बालक अंडर 14 वर्ग में छत्तीसगढ़ टीम ने स्वर्ण पदक जीता था, इसमें नवीन पिछड़ा वर्ग बालक क्रीड़ा परिसर, बिलासपुर के 6 खिलाड़ी कप्तान नवीन साहू, तुषार देवांगन, शिवा खैरवार, भूषण पटेल, भव्य पटेल, भुवन भास्कर ने भाग लिया था।

### खेल में रुचि लेने वालों का होता है चयन

क्रीड़ा अधिकारी सुशील मिश्रा ने बताया कि बच्चों का चयन खेलों में रुचि लेने वाले जिले के निजी या शासकीय स्कूलों के छात्रों का होता है, बैट्री टेस्ट के माध्यम से मेरिट सूची में आने वाले बच्चों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया जाता है। खेल परिसर में खिलाड़ियों से नियमित अभ्यास कराया जाता है।




### नौकरी व पढ़ाई में बोनस अंक

जो भी छात्र खेल में राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में शामिल होकर मैडल प्राप्त करते हैं,उन्हें पढाई में तो बोनस अंक मिलता ही है। इसके अलावा शासकीय नौकरी में भी प्राथमिकता दी जाती है, इसमें भी अतिरिक्त नंबर मिलते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये सभी खिलाड़ी बिलासपुर के आसपास क्षेत्रों में रहते हैं और आदिवासी विभाग द्वारा संचालित हॉस्टल में रहकर पढ़ाई के साथ खेल में भी अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। शासन द्वारा इन सभी खिलाड़ियों को 21-21 हजार का चेक दिया गया। पुरस्कार की राशि कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने शुभकामनाओं सहित प्रदान की। इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त सी एल जायसवाल, क्रीड़ा अधिकारी सुशील मिश्रा, कबड्डी प्रशिक्षक हेमंत यादव उपस्थित थे। उक्त जानकारी अधीक्षक मनीष सिंह ने दी है।



# ढाई साल में 9 फिल्में और सिर्फ एक हिट...

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार एक समय हिट मशीन हुआ करते थे, लेकिन अब फ्लॉप फिल्में उनका पीछा छोड़ने का नाम ही नहीं ले रही हैं। इसकी ताजा मिसाल सरफिरा है। अक्षय कुमार ने ढाई साल में 9 फिल्में की और और सिर्फ एक हिट हुई है। अक्षय एक साल में चार से पांच फिल्में रिलीज करते हैं। अक्षय कुमार एक्शन से लेकर बायोपिक और कॉमेडी फिल्मों में हाथ आजमाते हैं। अक्षय कुमार इस बात की परवाह नहीं करते हैं फिल्म चली या नहीं, वे सिर्फ फिल्में बनाते रहते हैं। अक्षय कुमार एक समय बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी की गारंटी थे। लेकिन क्या अक्षय कुमार का पुराना वाला जादू खत्म हो गया है?

लाइफ Style

# नोरा

## 'तौबा-तौबा' गाने को दिलाई कामयाबी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इन दिनों करण औजला के सॉन्ग तौबा-तौबा ने धूम मचा रखी है। यूट्यूब पर ये गाना पांच करोड़ व्यूज का आंकड़ा पार करके नंबर वन पर ट्रेंड कर रहा है तो वहीं इस पर जमकर रील्स भी बन रही हैं।

बैड न्यूज के इस गानो को विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी पर फिल्माया गया है। लेकिन तौबा तौबा गाने की सफलता में नोरा फतेही का भी कम हाथ नहीं है। अब पूछेंगे गाने में तो वो नजर ही नहीं आई. कोरियोग्राफी भी उन्होंने नहीं की है। लिरिक्स भी उन्होंने नहीं लिखे हैं। फिल्म में एक्टिंग भी नहीं की है। तो इस गाने की कामयाबी में उनका हाथ हुआ कैसे? हुआ यूं कि इस गाने में करण औजला ने नोरा फतेही और उनके डांस का जिक्र किया है। इस तरह से इस गाने का कनेक्शन सीधे नोरा फतेही से जुड़ जाता है। करण औजला के सॉन्ग तौबा तौबा अपने जिक्र आने पर नोरा फतेही पहले ही खुशी जता चुकी है।

नोरा फतेही ने एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया था, जिसमें उन्होंने इस गाने के कुछ स्टेप्स भी किए थे। उनके इस डांस स्टेप्स को देखकर कहा जा सकता है कि गाने में नोरा होतीं तो इसका लेवल कुछ और ही होता। लेकिन नोरा ने इस गाने पर डांस किया तो इस वीडियो को खूब पसंद भी किया गया। वैसे भी फिल्मों के स्पेशल सॉन्ग से नोरा फतेही का कनेक्शन जुड़ना कामयाबी की गारंटी ही है।



हॉलीवुड मसाला



# डेडपूल-वूल्वरिन की बुकिंग शुरू

**मुंबई।** रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन अभिनीत 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। रिलीज से पहले फैंस एडवांस बुकिंग को लेकर उत्साहित है। मार्वल स्टूडियोज की 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के जरिए रयान रेनॉल्ड्स एक बार फिर वेड विल्सन के रोल में नजर आएंगे। मार्वल स्टूडियो ने भारतीय दर्शकों के लिए 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' की एडवांस बुकिंग आज से शुरू कर दी है, जिसे लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं।



# 'इनसाइड आउट 2' का शानदार प्रदर्शन जारी

**लॉस एंजिलिस।** इस हफ्ते ही 'इनसाइड आउट 2' वैश्विक स्तर पर अब तक की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। वहीं, मिनियंस फ्रैंचाइजी वाली 'डेस्पिकेबल मी' वैश्विक स्तर पर 500 करोड़ रुपए का कलेक्शन करने वाली पहली फिल्म बन गई है। इस बीच 'आईओ 2' एक अगस्त को जापान में प्रदर्शित होगी और 'फ्रोजन 2' से आगे निकल दुनिया भर में अब तक की सबसे बड़ी एनिमेटेड फिल्म बन सकती है। ए क्वाइट प्लेसः डे वन' ने विदेशों में लगभग 800 करोड़ रुपए का और वैश्विक स्तर पर लगभग 1600 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। पिछले हफ्ते रिलीज हुई 'ट्विस्टर्स' ने ऑस्ट्रेलिया, मैक्सिको और ब्राजील सहित 38 बाजारों में कुल 94 करोड़ की शुरुआती कमाई की है।



# ग्रेसी सिंह को पहचानना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** लगान, मुन्ना भाई MBBS जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकीं एक्ट्रेस ग्रेसी सिंह की लेटेस्ट तस्वीरें वायरल हो रही हैं। इतने साल बाद ग्रेसी को देखने के बाद फैन्स ने उन्हें पहचानने से इनकार कर दिया है। बॉलीवुड में कई ऐसी एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने सिर्फ अपनी स्माइल से ही लोगों पर जादू चला दिया था। कोई भी फिल्म हिट कराने के लिए उनकी स्माइल और मासूमियत ही काफी थी। उन्हीं में से एक ग्रेसी सिंह भी हैं। ग्रेसी ने अपने फ़िल्मी करियर में कई मूवीज और शो में काम किया है। उनकी कई फिल्में बेशक फ्लॉप रही हों, लेकिन फैंस को कभी ग्रेसी से शिकायत नहीं रही है क्योंकि वो अपनी एक्टिंग के साथ मासूमियत से लोगों को दीवाना बना लेती थीं। ग्रेसी ने आफताब शिवदसानी के साथ फिल्म मुस्कान में काम किया था।



# करण ने नेहा का किया स्वागत...

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर करण जौहर ने सिंगर नेहा कक्कड़ के साथ अपने कई तस्वीरें साझा की हैं। करण ने तस्वीरें साझा कर नेहा कक्कड़ का अपनी टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसी धर्मा कॉर्नरस्टोन में स्वागत किया है। डीसीए की स्थापना साल 2021 में हुई थी। करण ने नेहा के साथ तस्वीरें साझा कर उनके डीसीए में शामिल होने की जानकारी दी है। उन्होंने पोस्ट साझा कर नेहा की प्रशंसा भी की है। करण जौहर ने तस्वीरें साझा कर लिखा, 'हमें नेहा कक्कड़ के हमारे डीसीए म्यूजिक परिवार में शामिल होने पर बेहद खुशी है। मैं नेहा को कई वर्षों से जानता हूं और जब बात म्यूजिक के क्षेत्र में टैलेंट और कड़ी मेहनत की आती है तो वह एक ताकत हैं। आगे बढ़ने के लिए कई रास्ते हैं, जो शक्ति, प्यार और संगीत से भरपूर हैं।'

# बिग बॉस ओटीटी 3 में वाइल्ड कार्ड से हुई अदनान की एंट्री

**नई दिल्ली।** विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' धमाकेदार तरीके से आगे बढ़ रहा है। अनिल कपूर के जरिए होस्ट किए जाने वाले इस शो में आए दिन किसी न किसी प्रतियोगी के बीच जुबानी जंग देखने को मिल रही है। अब वही, शो में वाइल्ड कार्ड एंट्री भी हो गई है, जिसके बाद प्रतियोगियों की हवाइयां उड़ी नजर आ रही है। वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट ने एंट्री लेते ही लवकेश पर निशाना साधा है। इस हफ्ते जहां दर्शकों ने चंद्रिका दीक्षित को एलिमिनेट होते देखा। वहीं, कंटेस्टेंट्स के मौजूदा गेम को बढ़ाने के लिए एक नई वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई है। टीम 007 के अदनान शेख ने वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में एंट्री की है। अदनान सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के तौर पर जाने जाते हैं। वह विशाल पांडे और सना सुल्तान के साथ अच्छे संबंध साझा करते हैं। हालांकि, शो के बाहर लोकप्रिय इन्फ्लुएंसर लवकेश कटारिया के साथ उनके संबंध अच्छे नहीं है। शो के बाहर अदनान द्वारा दिए गए कुछ इंटरव्यू में, उन्हें लवकेश को एल्विश यादव का मैनेजर कहते हुए देखा गया था। शो में जब अनिल कपूर ने पूछा, तो अदनान ने एल्विश का नाम लेने से परहेज किया। जिस पर, अनिल कपूर ने भी उनसे सवाल किया और उनसे पूछा कि वह नाम लेने से क्यों डरते हैं। अदनान ने कहा कि वह घर के अंदर जाकर विशाल को बताएंगे कि उनका भरोसा टूट गया है और लवकेश सच्चा दोस्त नहीं है।



# ऋतिक रोशन के साथ हंसते-मुस्कुराते नजर आए अभिषेक और ऐश्वर्या...

**नई दिल्ली।** अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी की चर्चा देश ही नहीं, विदेश में भी हो रही है। इस शादी की खबरों ने देश और विदेश की मीडिया में काफी सुर्खियां बटोरी हैं। इस समारोह के दौरान कई बड़ी हस्तियां भी नजर आईं।

बच्चन परिवार समेत कई बड़े बॉलीवुड कलाकार भी इस शादी में मौजूद थे। इस दौरान कई तस्वीरों में अभिषेक बच्चन और ऐशवर्या राय बच्चन मीडीया को पोज देते नजर आए। इस शादी की एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें अभिषेक और ऐश्वर्या अभिनेता ऋतिक रोशन के साथ हंसते और बात करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर अनंत और राधिका की शादी के दो दिन बाद तक इससे जुड़ी तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रही हैं। शादी में पहुंचे कई विदेशी मेहमान भी अपने-अपने देश



लौट चुके हैं, जहां से वो अपने सोशल मीडिया पर इससे जुड़ी तस्वीरें लगातार साझा कर रहे हैं। बीते रविवार ही अमेरिकी अभिनेत्री और मॉडल किम कादर्शियन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शादी से जुड़ी तस्वीरें साझा की थीं। इस दौरान उन्होंने ऐश्वर्या के साथ अपनी तस्वीर भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की थी। अब अभिषेक और ऐश्वर्या से जुड़ी एक वीडियो सामने आई है, जिसमें ये दंपति 'फाइटर' अभिनेता ऋतिक रोशन से बातें करता नजर आ रहा है। इस दौरान आराध्या बच्चन भी उनके साथ नजर आ रही हैं। बताते चलें कि ऐश्वर्या और ऋतिक साल 2006 में रिलीज हुई फिल्म 'धूम 2' में एक साथ काम कर चुके हैं।

# 'मेरा नाम जोकर' बनाने गिरवी रख दिया था घर

**नई दिल्ली।** राज कपूर एक बेहतरीन एक्टर के साथ शानदार डायरेक्टर भी थे। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में कई शानदार फिल्में बनाई हैं। उनमें से एक मेरा नाम जोकर है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई थी, लेकिन इसे आज भी कल्ट फिल्मों में गिना जाता है। मेरा नाम जोकर को बनाने में राज कपूर ने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। फिल्म के फ्लॉप होने के बाद राज कपूर का दिवाला निकल गया था। मेरा नाम जोकर के बाद राज कपूर कर्ज में डूब गए थे और बहुत ही मुश्किल दौर से गुजरे थे। मेरा नाम जोकर बनाने में राज कपूर को 6 साल लग गए थे। इस फिल्म को बनाने के लिए राज कपूर ने अपने घर से लेकर पत्नी के गहने तक हर चीज गिरवी रख दी थी। इतना ही नहीं, उन्होंने फिल्म बनाने के लिए मार्केट से पैसा भी उठा लिया था मगर जब ये रिलीज हुई तो राज कपूर कंगाल हो गए थे।

# पहली कीमोथेरेपी के बाद काम पर लौटीं



**नई दिल्ली।** टीवी की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेज में शुमार हिना खान तीसरे चरण के ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। ये वक्त उनके लिए काफी मुश्किल भरा है, लेकिन हिना इस मुश्किल समय का सामना जिस बहादुरी से कर रही हैं वो वाकई काबिल-ए-तारीफ है। मुस्कुराते हुए चेहरे और अटूट हौसले के साथ ब्रेस्ट कैंसर का सामना कर रहीं हिना खान ने फैंस के लिए एक मिसाल कायम की है। अभी कुछ दिन पहले ही हिना खान ने अपनी पहली कीमोथेरेपी कराई थी और अब वह सेट पर लौट चुकी हैं। उन्होंने बताया था कि ये वक्त मुश्किल जरूर है, लेकिन वह हौसले और पूरी उम्मीद के साथ इसका डटकर सामना करना चाहती हैं'। हिना खान के वीडियो पर एंटरटेनमेंट जगत के कई सितारों ने खूब प्यार लुटाया है। दलजीत कौर, अदा खान, गौहर खान, हिमांशी खुराना, गीता फोगाट ने हिना खान के वीडियो पर कमेंट कर एक्ट्रेस का हौसला बढ़ाया है।


**न्यायालय श्रीमान अष्टम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

(पीठासीन अधिकारी श्री अनिल प्रभात मिंज)
श्रीमती मंजू तिवारी.......आवेदिका
// विरूद्ध //
आम जनता + 02...... अनावेदकगण
अपील प्र. क्र. A17/24
पेशी ता. 27.08.2024
आदेश दिनांक 27.06.2024
प्रोसेस 948/ 15.07.24

इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमती मंजू तिवारी के द्वारा अनावेदकगण के विरूद्ध अपील प्रकरण संस्थित किया गया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 27.08.2024 को दिन के 11:00 बजे दावा प्रकरण का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिरी) होने के लिए नोटिस / समंस का प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर / अधिवक्ता के द्वारा उपसंजात हो सकते हैं. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके, तथा उन सभी दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहे जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो आपके विरूद्ध दावा की एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए दावा का निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारणवष पेशी तारीख 27.08.2024 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण को सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनांक 15/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
स्थान:- बिलासपुर (छ.ग.)
**(श्री अनिल प्रभात मिंज)**
**अष्टम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 बिलासपुर (छ.ग.)**

**समंस**

तारक बसाक वगैरह.....आवेदकगण
// विरूद्ध //
प्रशांत बसाक, वगैरह...अनावेदकगण
उत्तरा.प्र.क्र. 33/2024
पेशी ता. 22.07.2024
आदेश दिनांक 25-6-24
प्रोसेस क्र. 202/2024
आम जनता (जिनका इससे संबंध हो)...
अनावेदक क्र. 07

आवेदकगण ने अनावेदकगण के विरूद्ध एक आवेदन पत्र अंतर्गत धार 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम बाबत उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 33/2024 पक्षकार तारक बसाक वगैरह विरूद्ध प्रशांत बसाक, वगैरह प्रस्तुत कर मृतक स्व. विश्वनाथ बसाक के नाम से जमा राशि को प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु पेश किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 22.07.2024 को नियत है। अनावेदक क्र. 07 आम जनता को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस/ ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में दिनांक 22.07.2024 को दिन के 11:00- बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 22.07.2024 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

अत: आज दिनांक 15/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
दिनांक 15.07.2024
स्थान बिलासपुर
**(मनीष कुमार दुबे)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास, मंगला, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी-557 श्रीमती कल्पना तिवारी पति श्री गिरीश कुमार तिवारी के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 24.03.2015 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 16.04.2024 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती अर्चना त्रिपाठी पति श्री शशांक त्रिवेदी के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण /हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी ।
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.361/अ-6-अ/2023-24
ग्राम-उस्लापुर, तहसील -सकरी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रेमशंकर गुप्ता पिता स्व. विश्वनाथ गुप्ता जाति गुप्ता निवासी गीतांजली नगर रोड कश्यप कालोनी तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम उस्लापुर पहनं 26 रानिमं सकरी तहसील सकरी व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 205/57 में से रकबा 4440 वर्ग फूट 412.639 वर्ग मीटर भूमि स्थित है जो कि वर्तमान में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन अभिलेख त्रुटिपूर्ण अनावेदिका क्रमांक 02 जेम्मा लकड़ पति शांतिप्रकाश लकड़ा के नाम पर दर्ज हो गया है। जो कि उक्त भूमि को विक्रेता अनावेदक क्रमांक 01 सुभाष यादव पिता गणेश यादव से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया गया परंतु वर्तमान में आनलाईन में त्रुटिपूर्ण अनावेदिका क्रमांक 02 जेम्मा लकड़ा के नाम पर दर्ज हो गया है जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर को प्रस्तुत किया गया है। जो इस कार्यालय में जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 22/07/2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 21.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
**नायब तहसीलदार, सकरी**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर छ.ग.**
**राजस्व मामले का नोटिस**

क्रमांक/क/तह./ वाचक / 2024
बिलासपुर, दिनांक 04/07/2024

एतद् द्वारा श्री भूपेन्द्र, गजेन्द्र, पदमावती, पुष्पा सभी पिता स्व. बिजलुराम भारद्वाज, मेहश्वरी भारद्वाज पति स्व. बिजलुराम भारद्वाज , अमरदीप संदीप, पूनम ममता सभी पिता रामखिलावन सभी निवासी सेन्दरी को सूचित किया जाता है कि ग्राम, सेन्दरी प.ह.न. 46 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 539/2,726/1, 766,773,851 रकबा 0.03150 0.0120, 0.2950, 0.0810, 0.1820 हे. एकड़ / हेक्टेयर भूमि की खाता विभाज के लिए श्री/श्रीमति हितेन्द्र कुमार, पिता/पति स्व. बिजलुराम भारद्वाज निवासी सेन्दरी द्वारा आवेदन किया गया।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 19/7/2024 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 19/07/2024 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा / आपत्ति पेश कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगे ।

आज दिनांक 04/07/2024 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी ।
**तहसीलदार**
**बिलासपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे द्वारा श्री चन्द्रचूड त्रिपाठी पिता श्री दिनेश कुमार त्रिपाठी निवासी मिनोचा कॉलोनी के पास मंगला बिलासपुर से इनके द्वारा अनुबंधित एवं मुख्त्यार आम कि भूमि जिसके मूल भूस्वामी श्री राम नारायण यादव पिता श्री भारत लाल यादव के नाम पर मौजा अरईबंद प.ह.नं. 57, रा.नि.मं. जरौंधा, विकास खण्ड तखतपुर तहसील तखतपुर ज़िला बिलासपुर में स्थित भूमि का खसरा नं. 783/40, रकबा 0.1220 हेक्टेयर, खसरा नं. 484/27, रकबा 0.0200 हेक्टेयर, खसरा नं. 784/28, रकबा 0.0650 हेक्टेयर, खसरा नं. 785/72 रकबा 0.3230 हेक्टेयर, खसरा नं. 785/73, रकबा 0.1580 हेक्टेयर, एवं खसरा नं. 785/74, रकबा 0.0410 हेक्टेयर, खसरा नं. 785/5, रकबा 0.0870 कुल खसरा 7 का कुल रकबा 0.8181हेक्टेयर (2.02एकड़) भूमि चन्द्रचूड त्रिपाठी पिता श्री दिनेश कुमार त्रिपाठी से खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।
**भवदीय**
**श्रीमति सपना श्रीवास्तव**
**मो. 8770160616**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ अ-6-अ/2023-2024

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम पेण्डारी, प.ह.नं. 47 तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक उदयभान त्रिपाठी पिता अयोध्या प्रसाद त्रिपाठी निवासी ग्राम सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर ने छ.ग. भूराजस्व सहिता 1959 की धारा 115 के तहत ने आवेदन दिया है कि ग्राम पेण्डारी, प.ह.नं., 47 तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नंबर 1172/4 मे से भूखण्ड क्रमांक 47 रकबा 2016 वर्गफूट भूमि को विक्रेता एम्पल इन्फ्रावेचर प्रायवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा डायरेक्टर मोतीलाल दयालानी से क्रय किया है। क्रय पश्चात दिनांक 10.07.2013 को नामांतरण कराकर खसरा नंबर 1172/11 रकबा 0.018 हे. आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज चला आ रहा था लेकिन वर्ष 2016-2017 के बाद उक्त खसरा नंबर आवेदक का नाम विलोपित होकर अनावेदक क्रमांक 1 डी. डी. टण्डन पिता कपिलदास टण्डन का नाम प्रदर्शित हो रहा है। जिसे सुधार कर आवेदक का नाम दर्ज किया जावे।

उक्त आवेदन पत्र न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) तखतपुर से जांच हेतु प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 29.07.2024 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है । इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 15.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**सकरी**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली ( छत्तीसगढ़ )**
**उद्घोषणा**

प्रकरण क्रं. /अ-6/23-24

पक्षकार-श्री राजेश जैन पिता स्व. ज्ञानचंद जैन। निवासी सदर बाजार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)हा.मु. ग्राम पोस्ट भाठागांव, तह. कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.)--आवेदक
**विरूद्ध** छ.ग. शासन---अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला सदर बाजार मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेश जैन पिता स्व. ज्ञानचंद जैन, निवासी सदर बाजार, मुंगेली, जिला मुंगेली छ.ग. हा.मु. ग्राम पोस्ट भांठागांव, तहसील कुरूद जिला धमतरी छ.ग. द्वारा अधिवक्ता श्री रविंद्र प्रताप सिंह उपस्थित होकर नगर मुंगेली जिला मुंगेली छ.ग. स्थित नजूल भूमि शीट नं. 39 ए, प्लाट नं. 269 क्षेत्रफल 435 व.मी. पर फौती दर्ज कर नजूल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किए जाने बाबत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः एवं मोहल्ला सदर बाजार मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि पर फौती दर्ज कर किए जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 24/07/2024 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नही होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 24.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
**नजूल अधिकारी**
**मुंगेली ( छ.ग. )**

## खबर संक्षेप

### मोहर्रम के मद्देनजर सीपत थाने शांति समिति की बैठक

**सीपत ।** नए थाना प्रभारी नीलेश पांडेय ने सीपत थाने के चार्ज लेने के बाद सोमवार को आगामी मोहर्रम त्यौहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक ली। बैठक में मुख्य रूप से सीपत तहसीलदार सुश्री सिद्धि गवेल व नायब तहसीलदार देश कुमार कुर्रे , एसआई युगल शर्मा उपस्थित रहे। थाना प्रभारी नीलेश पांडेय ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी सौहाद्र व भाईचारे के साथ मनाएं। मोहर्रम के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। मोहर्रम को लेकर प्रशासन सजग है। किसी भी समस्या पर प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने आपसी सद्भाव के साथ संपन्न कराने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। बैठक में भाजपा नेता रवीश गुप्ता, राज्यवर्धन कौशिक, मन्नू सिंह, अभिलेश यादव,मदनलाल पाटनवार, हरिकेश गुप्ता, शिव साहू, हीरो सोनवानी संतोष गोयल, देव प्रताप टण्डन, मनबोध साहू, जितेंद्र लास्कर बलदाऊ प्रसाद, उस्मान खान, हाजी करीम बेग, शकील मोहम्मद, हक़ील हुसैन, सहमत खान, लक्ष्मी पांडेय, हरीश कश्यप, ललित यादव, दिनेश विजय जयशंकर साहू सहित अन्य शामिल हुए।

### भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान सांस्कृतिक भवन परिसर में 16 को

**तखतपुर।** भाजपा के कार्यकर्ताओं का सम्मान 16 जुलाई को प्रातः 11 बजे सांस्कृतिक भवन परिसर तखतपुर में किया गया है जिसमें विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन समारोह होना है इसमें भाजपा के सभी पदाधिकारी सहित अन्यजन शामिल होंगे।

### मुर्गा हुआ लापता, पड़ोसी आपस में भिड़े, चला लाठी-डंडा

**कोरबा।** मुर्गी के साथ सैर पर गए मुर्गे के घर नहीं लौटने पर पड़ोसियों में पहले विवाद हुआ फिर दोनों पक्षों में मारपीट की नौबत आ गई। मामला पुलिस थाने तक पहुंच गया। करतला थाना अंतर्गत ग्राम तौलीपाली निवासी रॉबिन मिंज साइकिल बनाने का काम करता है। उसने घर में एक मुर्गा पाल कर रखा है। रॉबिन का मुर्गा पड़ोसी धनेश्वर गोंड की मुर्गी के साथ चरने जाता है। रोजाना दोनों साथ सैर पर निकलते हैं और फिर लौट आते हैं। 13 जुलाई को दोनों एक साथ दाना चुगने निकले। मुर्गी तो वापस अपने मालिक के घर लौट आई लेकिन मुर्गा नहीं लौटा। मुर्गे के नहीं लौटने पर रॉबिन मिंज पड़ोसी धनेश्वर के घर पड़ताल करने पहुंच गया। इसी बात को लेकर दोनों पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया। धनेश्वर ने अपने बेटे के साथ मिलकर रॉबिन से गाली गलौच शुरू कर दी। बात मारपीट और लाठी-डंडे तक पहुंच गई।

### अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पहली घटना रजगामार चौकी क्षेत्र के ग्राम कोरकोमा की है। यहां निवासरत केशव पटेल 37 वर्ष पिता शिवनारायण पटेल की तबियत बिगड़ने पर उसे परिजनों द्वारा उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों ने उसे परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। केशव की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। परिजनों ने पुलिस को जो जानकारी दी है ।

## निधन

### रामहीन तिवारी



**बिलासपुर।** रामहीन तिवारी पति शिवकुमार तिवारी ग्राम बाघामुड़ा, पंडरीया निवासी का 14 जुलाई को निधन हो गया है, वे स्व. अश्विनी तिवारी और स्व राकेश तिवारी की माता थी। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बाघामुड़ा में 15 जुलाई को किया गया।

### भूपेन्द्र सिंह कंवर



**भर्रीडांड़।** सिवनी निवासी भूपेन्द्र सिंह कंवर का 14 जुलाई को निधन हो गया। वे शाउमावि भर्रीडांड में कार्यरत थे। उनका अन्तिम संस्कार सिवनी में किया गया।

### जितेन्द्र कौशिक



**तखतपुर।** दगौरी निवासी जितेन्द्र कौशिक का 42 वर्ष की उम्र में सोमवार को निधन हो गया। वे बालाराम कौशिक के पुत्र और परमेश्वर कौशिक अध्यक्ष सन्नाडय कुर्मी क्षत्रिय समाज, सुधाराम कौशिक, बाबूराम कौशिक, शत्रुहन सत्तू कौशिक के भतीजे, वकील संघ बिल्हा के पूर्व अध्यक्ष ज्वाला कौशिक छोटे भाई थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम दगौरी में किया गया।

### जितेंद्र मिश्रा



**बिलासपुर।** यदुनंदन नगर निवासी जितेंद्र मिश्रा का 48 वर्ष की आयु में 15 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तिफरा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे तिफरा ब्राह्मण समाज के संयोजक भागवत प्रसाद मिश्रा के पुत्र व मुंगेली पीएचई विभाग में कार्यरत प्रवीण मिश्रा के बड़े भाई व तनिष्क के पिता थे।

### अर्जुन दास जीवनानी



**बिलासपुर।** हेमू नगर निवासी अर्जुन दास जीवनानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तोरवा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. मोरंदमल जीवनानी के पुत्र एवं मेघराज जीवनानी के भाई, गौरव (जितू) जीवनानी के पिता थे।

### महेश केशरवानी



**बिलासपुर।** चांटीडीह अशोक विहार फेस- 2 गली नं. 4 निवासी महेश केशरवानी का 15 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रांजल केशरवानी एवं प्राची केशरवानी के पिता एवं दिनेश केशरवानी के छोटे भाई थे।

### रामनारायण राव मोरे



**बिलासपुर।** सिंचाई विभाग मे कार्यरत इमली भाठा बंधवापारा सरकंडा निवासी रामनारायण राव मोरे का 15 जुलाई को निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार 16 जुलाई मंगलवार को सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे नीरज राव एवं धीरज राव के पिता थे।

विधानसभा बिल्हा में मतदाता अभिनंदन समारोह

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम लगातार नई उचाइयों को छुएंगे : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

■ मदाताओं और कार्यकर्ताओं का जताया आभार

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की अध्यक्षता में बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रचण्ड बहुमत से विजयी होने पर बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के मंडी प्रांगण में आयोजित मतदाता अभिनंदन समारोह में मंत्री तोखन साहू शामिल होकर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा उन्होंने कि भाजपा को समर्पित कार्यकर्ताओं व जनता का स्नेह और प्यार का ही परिणाम है कि लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी ने छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा सीट से 10 में जीत हासिल की है। यह जीत, जीत नहीं बल्कि जनता का अटूट विश्वास है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अटूट विश्वास है। प्रधानमंत्री के नेतृत्त्व में हमने छत्तीसगढ़ में बेहतर प्रदर्शन किया है और मोदीजी के नेतृत्त्व में हम लगातार एक नई उंचाईयों को छुएंगे और देश की तस्वीर भी बदलेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री कौशिक ने कहा कि केंद्रीय मंत्री तोखन ने भी भारी मतों से जीत हासिल की है। जिसमें बिल्हा विधानसभा से भी प्रचंड मत प्राप्त किया है। यह जीत इस बात की तस्दीक भी कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र की सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के अपने उद्घोष में निहित 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के संकल्प के साथ काम किया है और इसलिए 'एंटी इन्कम्बेंसी' जैसे मिथक को 'प्रो-इन्कम्बेंसी' में तब्दील कर भारतीय राजनीति में बदला है। श्री कौशिक ने कहा कि भाजपा को ऐतिहासिक बहुमत के साथ जनता जनार्दन सत्ता सौंपा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से बिलासपुर सांसद तोखन साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व विधायक डॉ. कृष्ण कुमार बांधी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत व पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व मतदाता उपस्थित रहे।



महामाला से केंद्रीय मंत्री तोखन, विधायक धरमलाल, विधायक पुन्नुलाल का स्वागत करते हुए।

# एकल बत्ती कनेक्शन वाले गरीब परिवारों को मिला 25 से 30 हजार का बिजली बिल

■ अटल से मिले कोटा क्षेत्र के पीड़ित परिवार, विधानसभा में उठाएंगे मामला

**बिलासपुर।** एकल बत्ती कनेक्शन वाले परिवारों को भारी भरकम बिजली बिल भेजे जाने के मामले में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है बिजली कटौती हो रही है। और बिजली बिल भी साय साय बढ़कर आ रहा है। अब गरीब परिवार भी अपने घरों को रोशन करने से वंचित हैं।

जिले में घूम-घूम कर सांप पकड़ने वाले सांवरा समाज के लोगों के घरों की बिजली काट दी जा रही है। सांप दिखाकर जीवन यापन करने वाले इस समाज के लोग काफी परेशान है। लोक अदालत में भी इन परिवारों को राहत नहीं मिली। मुफ्त बिजली के बजाय इन परिवारों को 10 हजार से 30 हजार का बिजली बिल दे दिया गया है। विधायक ने कहा है कि उनके विधानसभा क्षेत्र में एकल बत्ती कनेक्शन वाले गरीब परिवारों को भारी भरकम बिजली बिल भेजे जाने के मामले को लेकर वे चिंतित है और विधानसभा में इस मामले को उठाएंगे। आज विधायक ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों से चर्चा भी की और समस्या के निराकरण के लिए दिशा निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है बिजली बिल अचानक बढ़ा दिया गया है और गरीब परिवार परेशान हैं। कोटा विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले नवागांव, पोड़ी मोहदा के पीड़ित परिवार परेशान है। एकल बत्ती कनेक्शन से अपने घर को रोशन करने वाले सेवरा समाज के गंगा बाई, श्याम बाई सांवरा, विलीण, सुरेश, मागर, रोहित, तुलाराम, राजेंद्र, संतोष माधव, क्लेश आदि विधायक अटल श्रीवास्तव के पास पहुंचे और आप बीती बताई। पीड़ित परिवारों ने सांप के साथ विद्युत वितरण कंपनी दफ्तर के घेराव करने की चेतावनी दी है। विधायक अटल श्रीवास्तव ने तत्काल विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों से चर्चा की और नवागांव पोड़ी मोहदा नवागांव में गरीब परिवारों की बिजली काट दिए जाने को लेकर नाराजगी जताई और उन्होंने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों से कहा है कि आखिर गरीब परिवारों को 20 हजार से 30 हजार का बिजली बिल कैसे भेजा गया। इस मामले की जांच करें और सभी परिवारों को तत्काल बिजली उपलब्ध करवा समस्या का निराकरण करें। तत्काल समस्या का निराकरण नहीं होने पर विधायक ने पीड़ित परिवारों को साथ लेकर बिजली दफ्तर का घेराव की चेतावनी दी है।



विधायक अटल को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

## अरुण साव ने सुनी लोगों की समस्याएं



**लोरमी।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने रविवार की शाम विधायक कार्यालय में जनदर्शन आयोजित किया। जनदर्शन में सैकड़ों की संख्या में लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे। श्री साव ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

ग्राम पंचायत हड़गांव, गोल्हापारा, गोडखाम्ही के सरपंचों ने सामुदायिक भवन की मांग की। श्री साव ने इस मांग पर सकारात्मक आश्वासन दिया। इसके अलावा अधिक बिजली बिल समस्या, डूमरहा सहित अन्य गांव में ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई। श्री साव ने अधिकारियों को बिजली समस्या जल्द निपटारा करने का निर्देश दिया। बता दें कि जनदर्शन में मांग, शिकायत के अतिरिक्त विकास कार्यों को लेकर सुझाव भी आए। उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्र के लोगों से जनदर्शन में समस्या लेकर आने के लिए प्रेरित किया। ताकि समस्या के समाधान के लिए उन्हें इधर-उधर भटकना न पड़े। इस अवसर पर बड़ी संख्या ग्रामीण एवं भजपा के लोग उपस्थित रहे।

## प्लास्टिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में 6 माह का प्रशिक्षण

**तखतपुर।** प्लास्टिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में 6 माह का प्रशिक्षण रायपुर भनपुरी में दिया जाएगा। जिसमें खाने और ट्रेनिंग पूर्ण करने वालों की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। इस प्रशिक्षण के लिए योग्यता 10वीं पास, आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक, आधार कार्ड, फोटो और निवास प्रमाण पत्र है आयु 18 से 21 वर्ष है। प्रशिक्षण समाप्त होने के पश्चात प्रमाण पत्र दिया जाएगा। प्लास्टिक के क्षेत्र में मशीन आपरेटर तथा लेब में नौकरी भी उपलब्ध कराई जाएगी। ट्रेनिंग 18 जुलाई से सीपेट रायपुर उरकुरा रेलवे स्टेशन के पास इंडस्ट्रीज में दिया जाएगा।

## धर्मशाला के लिए अटल ने दस लाख की घोषणा की

**करगी रोड कोटा।** छत्तीसगढ़ आदिवासी रतनपुरिया सवरा समाज ने वार्ड एक में विधायक अटल श्रीवास्तव व ब्लाक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने आदिवासी संवरा समाज के देव स्थल में विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेश व देश की सुख - समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सामाजिक लोगों की मांग पर धर्मशाला हेतु दस लाख रूपए की घोषणा की। विधायक ने कहा कि आदिवासी समाज के लोग अपने जीवन की अटूट आस्था को प्रकृति के कण-कण में स्थापित करते है, इसलिए जीवनदायिनी प्रकृति आदिवासी सर्वोच्च शक्ति के रूप में पूजा जाता है। अतः प्रकृति पर अटूट आस्था एवं विश्वास की सर्वोच्च शक्ति सबसे बड़ा है तथा आध्यात्म को मानने वाला आदिवासी है।



## कर्मचारियों ने विधायक अटल को सौंपा ज्ञापन



**करगी रोड कोटा।** नगर पंचायत कोटा के कर्मचारियों ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विधायक अटल श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि विगत कई महीनों से हम लोगों को वेतन नहीं मिल रहा है। जिससे परिवार की स्थिति दयनीय हो गई है। विधायक ने मांगों को न्याय उचित मानते हुए शासन के संज्ञान में लाने का आश्वासन दिया1 इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, संतोष गुप्ता, विशेष गुप्ता, कान्हा गुप्ता, अहमद तथा नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे1

## भाजपा नेता रामनारायण ने क्षेत्र के लोगों की खुशहाली की कामना की



भाजपा नेता रामनारायण जन्मदिन मनाते हुए।

**बिलासपुर।** भाजपा युवा नेता एवं जनपद पंचायत मस्तूरी अध्यक्ष प्रतिनिधि रामनारायण राठौर ने अपना जन्मदिन क्षेत्र के लोगों के अच्छे स्वस्थ्य व उनके खुशहाली के नाम पर मनाया। रामनारायण राठौर ने मस्तूरी, बेलतरा व बिलासपुर के लोगों के लिए भगवान शंकर की पूजा अर्चना की। वहीं मोपका में काम करने वाले श्रमिक माता व बहनों के पास जाकर उनका हाल चल जाना एवं उन्हें फल वितरण करके अपना जन्मदिन मनाएं। रामनारायण राठौर ने कहा कि मेरा जन्मदिन मेरे लिए नहीं रहता सभी माता-बहनों एवं मेरे भाई बंधु के लिए पूजा अर्चना करके जो खुशी मिलता है वो किसी और से नहीं मिलता। क्षेत्र की हर व्यक्ति मेरा परिवार है। जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए देश के 140 करोड़ लोग उनका परिवार है उसी तरह यहां का हर व्यक्ति मेरा परिवार है। वहीं श्री राठौर को उनके जन्मदिन पर मस्तूरी, बेलतरा, बिलासपुर सहित ग्रामीण एवं शहर के लोगों से बधाई दिए।

## साहू समाज ने एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम का किया आयोजन





**बिलासपुर।** नगर को हरित रखने गणमान्य नागरिकों के हाथों उनकी मां के नाम से एक एक पौधे लगवाए गए व उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर बोदरी के वरिष्ठ पार्षद विजय वर्मा अपनी मां के नाम का एक पौधा लगा उपस्थित सभी नागरिकों से एक पौधा लगाने व उसे सुरक्षित रखने का निवेदन किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत बोदरी के अध्यक्ष परदेसी ध्रुवंशी, उपाध्यक्ष अभिषेक दुबे, बबला साहू, अशोक जोतवानी, सुरेश साहू, राजा साहू, निक्कू शर्मा, संतोष साहू, रोहित साहू, दिनेश साहू, कमलेश लोनिया, विजय सिहोरे, लक्ष्मीनारायन ध्रुव, मिंटू सिहोरे आदि उपस्थित रहे।

## वार्ड परिसीमन के बाद दावा आपत्ति के अंतिम दिन दर्ज कराई आपत्ति

**मरवाही।** नगर पंचायत का वार्ड का परिसीमन पिछले दिनों तहसीलदार मरवाही के निर्देश पर सम्पन्न हुआ। जिसमें वार्डों के परिसीमन पश्चात सूची चस्पा कर 7 दिनों का समय देते हुए दावा अप्पति मंगाई गई थी। जिस पर रिटायर्ड शिक्षक कमाल खान ने आपत्ति दर्ज कराते हुए बताया कि अधिकारियों द्वारा परिसीमन का कार्य में राजनीतिक दलों को आमंत्रित नहीं किया गया है एवं इसकी जानकारी मतदाताओं को ना तो मुनादी कराकर दी गई और ना ही किसी बैठक आहूत की गई। वार्डों के परिसीमन में मतदाता सूची के अनुसार वर्ग विशेष जातियों का निर्धारण कैसे किया गया इसका कोई आधार जनता के समक्ष नहीं रखा गया। कमाल खान ने बताया कि वर्तमान जो वार्डों के परिसीमन की जो सूची चस्पा की गई है उसे देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जातिगत संतुलन का ध्यान नहीं रखा गया है।

## विधायक धर्मजीत पहुंचे स्मृति वाटिका, किया पौधरोपण



कार्यक्रम के दौरान विधायक धर्मजीत सिंह।

**तखतपुर/सकरी।** विधायक धर्मजीत सिंह सकरी स्थित स्मृति वाटिका में पहुंचे। यहां उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पीपल का पौधा लगाया और पौधे का सुरक्षा करने का भी निर्देश दिया। पूर्व संसदीय सचिव राजू सिंह क्षत्रिय के द्वारा भी पौधारोपण किया गया। तखतपुर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना साहू, दीपमाला कुर्रे, नीरू बिष्ट द्वारा भी पौधारोपण किया गया। विधायक धर्मजीत सिंह ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी के शासनकाल में स्मृति वाटिका के उद्घाटन में वे यहां आए थे। पूर्व संसदीय सचिव राजू सिंह क्षत्रिय ने पौधारोपण कार्यक्रम के पश्चात कहा कि सभी को पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा करनी चाहिए। नगर निगम के जोन कमिश्नर वन विभाग के एसडीओ, रेंजर व कर्मचारियों की उपस्थिति रही। एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मनोज सोनकर, मनोज साहू, अवतार मानिकपुरी, अक्षय श्रीवास, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामकली मेहर, माधुरी साहू, पितांबर साहू, राजेश्वरी पटवा, संजय यादव, सुरेश यादव, सनत श्रीवास, सतीश सोनकर, दुर्गेश पाल, विजय यादव, संतोष सूर्यवंशी, जितेंद्र साहू, सुरेश तिलक सूर्यवंशी, दिलीप मिश्रा, आशीष मिश्रा आदि उपस्थित थे।

कृषक भवन का ग्राम सेमरताल में हुआ नामकरण

# नई पीढ़ी में भाजपा की विभूतियों को जानने बढ़ेगी जिज्ञासा: अमर

**बिलासपुर ।** पुरखा के सुरता अभियान के तहत बेलतरा के ग्राम पंचायत सेमरताल में निर्मित कृषक कुटीर भवन का लोकार्पण भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के नाम पर किया गया। क्षेत्र अंतर्गत नौ स्थानों पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक कुटीर भवन निर्मित किए गए हैं। आज पूर्व मंत्री बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल और बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला की उपस्थिति में नामकरण किया गया।

सेमरताल कृषक कुटीर पूर्व सांसद हिंदू हृदय सम्राट कुमार दिलीप सिंह जूदेव, बाम्हु कृषक भवन को भाजपा के पितृ पुरुष कहे जाने वाले लखीराम अग्रवाल, सेंदरी कृषक भवन मनहरन लाल पांडेय, पौसरा कृषक कुटीर बद्रीधर दीवान, टेकर कृषक भवन रामनारायण शास्त्री, सलखा कृषक भवन मदनलाल शुक्ला, भरारी कृषक भवन मूलचंद खंडेलवाल, बिरकोना कृषक भवन रूपचंद शास्त्री और करमा कृषक भवन को स्व प्रेमसिह ठाकुर के नाम पर नामकरण किया गया। विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि आज हमारे लिए बड़े ही सौभाग्य का दिन है कि आज हमें इस नामकरण समारोह के बहाने अपने पुरखों को याद करने का अवसर मिला और यह अवसर हमें विधायक सुशांत शुक्ला के विचार और प्रयासों से नसीब हुआ। विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि वृक्ष चाहे कितना भी विशाल रूप धारण कर के जड़ों की महिमा को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। आज भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी है। केंद्र और अधिकांश राज्यों में हमारी सरकार हैं। निकाय और पंचायतों में हमारे जनप्रतिनिधि है। देश हित में बड़े बड़े फैसले लिए जा रहे हैं इन सबके पीछे भाजपा और जनसंघ के उन विभूतियों का संघर्ष छुपा है।



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक अमर अग्रवाल एव सुशांत शुक्ला।

### वरिष्ठ नेताओं के परिवारजन का अभिनन्दन

नामकरण समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के परिवारजनों को भी आमंत्रित किया गया था। जिनका प्रमुख अभ्यगतों सहित भाजपा संगठन के नेताओं द्वारा सम्मान किया गया। लखीराम अग्रवाल के पुत्र विधायक अमर अग्रवाल, मदन शुक्ला के पुत्र उप महाधिवक्ता आशीष शुक्ला, बद्रीधर दीवान के पुत्र चेतनधर दीवान विजयधर दीवान, मनहरलाल पांडेय की पुत्री श्रीमती हर्षिता पांडे, कुमार दिलीप सिंह जूदेव के पौत्र शौर्य सिंह जूदेव, रामनारायण शास्त्री व मूलचंद खंडेलवाल के परिजनों व प्रेमसिंह ठाकुर फगुआ के पुत्र राजेश सिंह का शाल और श्रीफल भेंटकर कर अभिनंदन किया गया ।

## सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में स्वास्थ्य विभाग का निशुल्क नेत्र जांच शिविर



**तखतपुर।** नगर के सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड क्रमांक 1 के चुलघट रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास वार्ड स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। वार्ड वासियों ने नेत्र की जांच कराई। जिनमें से 9 लोगों को मोतियाबिद पाया गया। अंजू आदित्य नेत्र सहायक अधिकारी, निधि गुप्ता ने नेत्र की जांच के साथ आपरेशन के लिए सुझाव दिया।

मरीजों को आंखों की सुरक्षा और देखभाल की जानकारी दी। साथ ही आए हुए मरीजों को ड्रॉप भी वितरण किया गया। परिजनों को बताया गया बिलासपुर जिला चिकित्सालय में जाकर नेत्र के लिए ऑपरेशन करवाने जिसमें मरीज को सुरक्षा मिल सके स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य यही है की कोई भी बिलासपुर जिला में मोतियाबिंद का मरीज ना रहे।

# 292 इग्नाइट स्कूल: यहां न शिक्षकों की भर्ती हुई, न अब तक मिली किताबें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के सभी ब्लाक मुख्यालयों में 6 साल पहले खोले गए इग्नाइट अंग्रेजी माध्यम स्कूल उपेक्षा के शिकार हैं। यहां संसाधनों की कमी के कारण 10 हजार से अधिक बच्चों का भविष्य अधर में है। आलम यह है कि शिक्षण सत्र शुरू हुए 20 दिन बीत गए हैं, लेकिन अब तक यहां किताबें नहीं पहुंची हैं। इसके अलावा शिक्षकों की भी भारी कमी है।

वर्ष 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के कार्यकाल में ग्रामीण बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बिलासपुर में 7 सहित पूरे प्रदेश में 292 इग्नाइट प्राथमिक शाला और मिडिल स्कूल खोले गए थे । इनके सफल संचालन के लिए विकास खंड शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया, ताकि योजना का क्रियान्वयन सक्षम अधिकारी के हाथ में हो। वर्ष 2018 तक इन स्कूलों को पर्याप्त राशि और पुस्तकें, लैपटॉप, प्रिंटर जैसे आवश्यक उपकरण मिले और शाला संचालन प्रभावशाली ढंग से हुआ लेकिन 2019 में सरकार बदलते ही योजना ठप हो गई। इन स्कूलों की हालत आज तक नहीं सुधर पाई।

अलग खबर

बिलासपुर के 7 स्कूलों में पढ़ने वाले 1217 स्टूडेंट और प्रदेश के 292 स्कूलों में पढ़ने वाले 10 हजार से अधिक बच्चों को किताबें तक नहीं मिल पाई हैं, इसलिए अब तक इन स्कूलों में पढ़ाई शुरू नहीं हुई है।

### आत्मानंद के कारण उपेक्षा के शिकार

2019 में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने पूरे प्रदेश में स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल खोल दिया, इसके बाद से इग्नाइट सीबीएसई पैटर्न स्कूल उपेक्षा के शिकार हैं । विडम्बना यह है कि बच्चे 8 वीं तक इस स्कूल में सीबीएसई पैटर्न में पढ़ाई करते हैं और आगे की पढ़ाई के लिए इग्नाइट स्कूल नही होने के कारण वे या तो हिंदी मीडियम में प्रवेश लेते हैं या फिर स्वामी आत्मानन्द मे प्रवेश लेकर सीजी बोर्ड की पढ़ाई करते हैं।

### एनसीईआरटी की किताबें पढ़ाई जाती है

ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों को प्राथमिक स्तर से ही राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा मुहैया कराने के उद्देश्य से कक्षा 1 से ही एनसीईआरटी की किताबें पढ़ाई जा रही हैं । इसके पीछे सरकार की मंशा प्रदेश के बच्चों को भी अच्छी शिक्षा प्रदान कर उन्हें देशव्यापी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है, एनसीईआरटी की किताबें मानक किताबे हैं, इसलिये शासन ने इन किताबों को ही इग्नाइट स्कूलों में पढ़ाने के लिए चुना है।

### 6 वर्षों से समय पर नहीं मिली किताबें, पुरानी पुस्तकों से पढ़ाई करने को मजबूर

इग्नाइट प्राथमिक और मिडिल विद्यालयों को पिछले 6 वर्षों से समय पर पुस्तकें नहीं मिल पा रही हैं, हर वर्ष सितंबर माह में इन विद्यालयों को पुस्तकें मिलती हैं, जबकि प्रदेश के अन्य हिंदी मीडियम और अंग्रेजी माध्यम के स्वामी आत्मानंद विद्यालय को जून में ही किताबें प्राप्त हो जाती हैं। इस दौरान इग्नाइट विद्यालय के बच्चे पुरानी किताबो से अपने नवीन शिक्षा सत्र की शुरुआत करते हैं । इस सत्र में भी जुलाई का आधा माह निकलने को है, लेकिन किताबें नही वितरित हुई हैं । विभाग से मिली जानकारी अनुसार किताबें रायपुर से एक साथ खरीदकर स्कूलों को भेजी जाती हैं। मांग पत्र जून में ही भेजा जा चुका है, लेकिन पुस्तकें अप्राप्त हैं ।

### दो से तीन शिक्षकों की नियुक्ति

इग्नाइट स्कूल खुलने के बाद वहां पढ़ाने के लिए शाला का सेटअप तैयार कर शिक्षकों की नियुक्ति की गई, लेकिन पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति नही हुई है। प्राथमिक और मिडिल स्कूल में 2 से तीन अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों की नियुक्ति ही हो पाई है, जबकि प्राथमिक और मिडिल स्कूल मिलाकर 8 वीं तक कक्षाएं लगती हैं। अब भाजपा की सरकार फिर से आई है तो इस विद्यालय और उसमें पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों को एक आशा की किरण नजर आ रही है ।

### किताबों के लिए भेजा गया है मांग पत्र

सीबीएससी पैटर्न में संचालित सरकारी स्कूलों के लिए एनसीआरटी की किताबें खरीदी जाती हैं। यह खरीदी रायपुर से होती है। ऐसे में सभी स्कूलों से जरूरत के अनुरूप जानकारी मंगाकर मांग पत्र शासन को भेजा गया है। खरीदी के बाद पुस्तकें मिलते ही वितरण किया जाएगा।

- टीआर साहू, जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर।

## खबर संक्षेप

### हसदेव में बहे युवक की दूसरे दिन मिली लाश



बिलासपुर। पिकनिक मनाने गया शहर का युवक हसदेव नदी में बह गया था। दूसरे दिन एसडीआरएफ की टीम ने नदी में रेसक्यू कर शव बरामद कर लिया है। 14 जुलाई को लिंगयाडीह रामनगर निवासी शिवम यादव पिता आशुराम यादव अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने जांजगीर जिले के देवरी चिचोली गया था। सभी पिकनिक स्पॉट पर हसदेव नदी में नहा रहे थे। इसी दौरान शिवम यादव नहाते हुए गहराई जाकर पानी के तेज बहाव में आकर बह गया। शोर मचाने पर उसके दोस्तों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाए। सूचना पर बिलासपुर की एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर हददेव नदी में उसके पतासाजी कर रही थी। अंधेरा होने पर टीम नदी से बाहर निकल गई थी। 15 जुलाई को सुबह एसडीआरएफ की टीम नदी में रेसक्यू करते हुए युवक की तलाश में लगी हुई थी। काफी मशक्कत के बाद दोपहर 1 बजे घटनास्थल से 500 मीटर दूर पत्थर में फंसा हुआ शव मिला। एसडीआरएफ की टीम शव नदी से बाहर निकालकर पुलिस को सौंप दिया है। बताया जाता है शाम होने के कारण उसका पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है।

### 7 साल के बच्चे की तालाब में डूबकर मौत



बिलासपुर। मछली पकड़ने गए 7 साल के बच्चे की तालाब में डूबकर मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिरगिट्टी टीआई विजय चौधरी ने बताया, सोमवार को दोपहर 2.30 बजे रूचिका विहार निवासी सुबोध शुक्का अपने 7 साल का बेटा पीयूष शुक्ला को लेकर शारदा मंदिर के पास तालाब गए थे। उनका बेटा तालाब में मछली पकड़ रहा था। इसी दौरान श्री शुक्ला तालाब से कहीं चले गए। इसी दौरान उनका बेटा पीयूष मछली पकड़ने के फेर में गहराई में जाकर डूब गया। उसके चीखने चिल्लाने पर आसपास में खड़े लोगों ने तालाब में छलांग लगाकर खोजकर उसे बाहर निकला। उसके बाद इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। जांच के बाद डाक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

बिलासपुर। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुररस्कार वर्ष 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बाल पुरस्कार से ऐसे बच्चों को पुरस्कृत किया जाना है जिन्होंने निस्वार्थ भावना से समाज के प्रति कार्य किए हैं। ऐसे बच्चे जिन्होंने खेल, सामाजिक, सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में समाज पर व्यापक प्रभाव डाला है उन्हें ही इस पुरस्कार के लिए पात्र माना जाता है। बाल पुरस्कार के लिए 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष से कम उम्र तक के बच्चे आवेदन कर सकते हैं । आवेदन करने के लिए ऑनलाईन पोर्टल पर 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

### जनसमस्या निवारण शिविर की तिथि बदली

बिलासपुर। जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर माह जून से दिसम्बर तक आयोजित किया जाना है। पूर्व में जारी तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है। अनुविभाग बिल्हा के अंतर्गत 23 जुलाई मंगलवार को कया एवं 21 नवंबर बुधवार को दगोरी में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। बिल्हा अनुविभाग के अतिरिक्त शेष अन्य अनुविभाग एवं विकासखण्ड में पूर्व में जारी तिथियों में जन निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## खनिज माफिया ने इतना खोद डाला मुरुम कि खदान में सिर्फ बिजली का खंभा ही बचा





10 से 12 फ़ीट गहरा खोदा

बिलासपुर। रेत और मुरुम माफियाओं ने इतनी खोदाई कर डाली कि पूरा मैदान तालाब बन गया है। मामला गनियारी क्षेत्र के घोंघाडीह का है। हद से ज्यादा खुदाई के कारण अब मौके पर सिर्फ एक बिजली का खंभा ही बच गया है। यह भी कभी भी गिर सकता है लेकिन खनिज अधिकारियों को शायद इसकी जानकारी नहीं है।

मौके पर परिवहन की आड़ में मुरुम की खुदाई कर उसे बेचा भी जा रहा है। खनिज विभाग यह कहकर परिवहन की अनुमति दे रहा है कि कि संबंधित जगहों पर मुरूम पहले से ही खोदकर रखी हुई है। खनिज माफियाओं का यह खेल पिछले दो साल से चल रहा है।

जानकारी तो यह भी मिल रही है कि खनिज ठेकेदारों को बाकायदा परिवहन के लिए रायल्टी पर्ची जारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक आसपास के कई गांवों में इस तरह की खुदाई जारी है। हर जगह से रोजाना कई ट्रक मुरुम निकालकर परिवहन किया जा रहा है। पड़ताल में यह भी पता चला कि ठेकेदार खनिज विभाग को यबताते हुए कि मुरुम के परिवहन की अनुमति मांगते हैं कि अमुक स्थान पर पहले से 10 हजार या 12 हजार घन मीटर मुरुम पहले से खोदकर रखी है, उसका परिवहन करना है। खनिज विभाग मान लेता है कि मुरुम पहले से ही रखी है और वह उसकी रायल्टी पर्ची जारी कर देता है। खनिज अधिकारी के मुताबिक इस बारे में कोई शिकायत तो नहीं मिली है। फिर भी मौके पर जाकर निरीक्षण कर लिया जाएगा।

## आयुष्मान कार्ड से अधिक का भुगतान, 4 को नोटिस

बिलासपुर। स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान कार्ड से इलाज के बाद मरीजों से की गई अधिक रकम की वसूली की शिकायत पर कार्रवाई की है। विभाग ने जिले के 4 अस्पतालों को नोटिस थमाया है और ओमकार हास्पिटल पर 1 लाख 82 हजार रूपए का जुर्माना ठोंक दिया है।

- एक हास्पिटल पर जुर्माना भी लगाया

जिले में लंबे समय से आयुष्मान योजना के तहत फर्जीवाड़ा चल रहा है। इस दौरान मरीजों का जबरिया आपरेशन करने, इलाज से अधिक की रकम लेने, फर्जी बिल थमाने के मामले सामने आ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के पास इस साल के दो दर्जन से अधिक शिकायतें की गई हैं, वहीं राज्य स्तरीय कमेटी लगातार मामले की जांच कर रही है। आयुष्मान कार्ड के अलावा मरीजों से रूपए की जमकर वसूली की जा रही है। लगातार मिल रही शिकायत के बाद विभाग ने जिले के 4 अस्पताल को नोटिस दिया गया है, वहीं ओमकार हॉस्पिटल पर 1 लाख 82 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

### पहले से पैकेज है निर्धारित

मरीजों का निःशुल्क इलाज करने के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू की गई है। इसके तहत लगभग सभी बीमारियों का मरीज निःशुल्क सरकारी अस्पताल और पंजीकृत निजी हॉस्पिटल में इलाज करा सकते हैं। सरकार पैकेज के अनुसार इन अस्पतालों को भुगतान करती है, लेकिन जिले के कई अस्पताल आयुष्मान कार्ड के अलावा मरीजों को अतिरिक्त रकम की वसूली कर रहे हैं। मरीजों की तरफ से इसे लेकर लगातार शिकायत की जा रही है।

### राज्य स्तर पर हो रही मानिटरिंग

राज्य स्तर के अधिकारी लगातार मानिटरिंग कर रहे हैं, उन्हीं अधिकारियों ने जुर्माना लगाया है और नोटिस भी जारी किया है। नोटिस में जवाब से असंतुष्ट होने पर जुर्माना के साथ पंजीयन रद्द होना तय है।

-डॉ अनिल श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग

## पुराने बस स्टैंड में पाइप लाइन फूटी, बहता रहा पानी




बिलासपुर। पुराना बस स्टैंड में पानी सप्लाई की मेन पाइप लाइन फूट गई, जिससे काफी देर तक बेकार में सड़क पर पानी बहता रहा। पुराना बस स्टैंड के पास नाला का काम चल रहा है, जिसके चलते पाइप लाइन फूटने की बात कही जा रही है। पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से पानी सप्लाई प्रभावित हुई।

शहर में पानी सप्लाई पाइप लाइन फूटने की बात आम हो गई है। आज पुराना बस स्टैंड के पास मेन पाइप लाइन फूट गई, जिससे काफी देर तक सड़क पर पानी बेकार बहता रहा और गढ्ढे में पानी भर गया। पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के पीछे वहां पर नाला निर्माण कार्य को बताया जा रहा है। बस स्टैंड एरिया में नाला का काम चल रहा है, जिसके चलते पानी का पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई। इसके चलते आसपास के एरिया में पानी सप्लाई भी प्रभावित हुई। बाद में नगर निगम के जल विभाग को इसकी सूचना दी गई, जिसके बाद पाइप लाइन की मम्मरत कराई जा रही है। नगर निगम के जल विभाग के प्रभारी अनुपम तिवारी का कहना है कि पुराना बस स्टैंड के पास नाला का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई थी।

## नहीं रहा 292 अपराधियों को पकड़वाने वाला सिम्बा, शिवतराई में अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन अपराधों में वन अधिकारियों की सहायता करने वाले डाग सिम्बा की मौत हो गई है। सोमवार को एटीआर के इंटरप्रिटिशन सेंटर शिवतराई में अंतिम संस्कार किया गया। बताया जा रहा है कि वह बेल्जियम मेलेनाइस प्रजाति का कुत्ता था और उनका जन्म 2015 में हुआ था।



नेशनल ट्रैनिंग सेंटर ऑफ डॉग टेकनपुर ग्वालियर से प्रशिक्षित फारेस्ट डॉग की मौत हो गई है। अचानकमार टाइगर रिजर्व में मौजूद श्वान सिम्बा काफी उम्रदराज हो चुका था, जिसने 15 जुलाई की सुबह 6.40 को अंतिम सांस ली। अचानकमार टाइगर रिजर्व में 2017 से अपराधियों को पकड़ने में सिम्बा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सिम्बा के द्वारा एटीआर अन्तर्गत वन्यप्राणियों के शिकार एवं अन्य अपराधिक प्रकरणों में अन्वेषण से संबंधित 62 प्रकरण में 292 अपराधियों को एवं पुलिस विभाग के 10 चोरी, अंधे कत्ल, एवं अपहरण जैसे 13 प्रकरण में अपराधियों को गिरफ्तार करने में विशेष महत्वपूर्ण सहयोग किया था। उम्र बढ़ने के कारण सिम्बा को अप्रैल 2023 में रिटायरमेंट किया गया। एटीआर के फील्ड डायरेक्टर मनोज पाण्डेय एवं उप संचालक यूआर गणेश के द्वारा रिटायरमेन्ट के बाद अंतिम सांस तक देखभाल की गई है। सिम्बा की विशेष देखभाल वनरक्षक और परिचारक सुरेश कुमार नवरंग वनरक्षक द्वारा गई है। सिम्बा के निधन पर एटीआर प्रबंधन के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा गहरी संवेदना व्यक्त की गई ।।



सिम्बा का अंतिम संस्कार करते एटीआर के कर्मचारी।

पंजीयन हुआ ऑनलाइन

## बेरोजगार हो गया रोजगार कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले सहित राज्य के दूसरे रोजगार कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहता है। बेरोजगारों के लिए नौकरी की आस कार्यालय से खत्म हो चुकी है, इसके चलते अब कार्यालय में पंजीयन भी नहीं हो रहा है। ऐसे में कार्यालय के कर्मचारी और अधिकारियों के पास काम की कमी है, विभाग के निर्देश पर कभी कभार कैंप लगाया जाता है। ऐसे में लोगों को रोजगार देने वाला विभाग खुद ही बेरोजगार हो चुका है।

- महज 30 से 40 लोग ही कराते हैं रोजगार पंजीयन

बेरोजगारी भत्ता बंद होने के बाद से रोजगार कार्यालय के पास कोई बड़ा काम नहीं रह गया है, वहीं विभाग ने कार्यालय में उपस्थित होकर पंजीयन करना भी खत्म कर चुका है, अब आवेदक स्वयं ही ऑनलाइन पंजीयन करा रहे हैं। ऐसे में लोगों को सरकारी नौकरी और रोजगार दिलाने वाले विभाग के पास कोई काम नहीं रह गया है। बेरोजगारों के कौशल विकास व ट्रैनिंग कराने के विभाग के पास फंड नहीं है, शासन ने कोई योजना भी शुरू नहीं की है, इसलिए विभाग महज बेरोजगारों का आंकड़ा ही इकट्ठा कर रहा है। निजी क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा साल में कैंप कर प्लेंसमेंट कराया जा रहा है, लेकिन इसके बाद विभाग का काम पूरी तरह से खत्म हो गया है।

### जनवरी में 6 हजार पंजीयन

सूत्रों के अनुसार बेरोजगारी भत्ता की आस में आवेदकों की भरमार पंजीयन कार्यालय में होती रही है, जहां जनवरी माह में 6 हजार से अधिक आवेदन जिला कार्यालय के सर्वर में दर्ज किए गए थे, वहीं वर्तमान में महज 11 सौ आवेदन ही महीने भर में दर्ज किए जाते हैं। जनवरी माह से लगातार पंजीयन की संख्या घट रही है। प्रतिदिन 30 से 40 पंजीयन ही ऑनलाइन हो रहा है। विभाग इनका डाटा सर्वर में ही रखता है।

### फंड नहीं इसलिए बंद हो गई योजनाएं

कुछ साल पहले तक बेरोजगारों को स्कील, सेमी स्कील्ड के तौर पर प्रशिक्षित करने के करोड़ों रूपए खर्च किए जाते थे लेकिन राज्य सरकार ने इसके लिए फंड देना ही बंद कर दिया, तब से बेरोजगारों को प्रशिक्षित ही नहीं मिल रहा है। वहीं फंड नहीं होने से विभाग के अधिकारी भी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। विभाग में अब कर्मचारियों की भर्ती भी नहीं जा रही है, आउटसोर्सिंग से विभाग में काम कराया जा रहा है।

रेलवे प्रबंधन जगह-जगह लगा रहा बोर्ड,एनाउंस कर लोगों को दी जा रही चेतावनी

## कल से रेलवे क्षेत्र के नो-पार्किंग जोन पर गाड़ी रखते ही लगेगा लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यात्रियों के वाहनों की बेहतर यातायात व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा को देखते हुए अब रेलवे प्रशासन ने क्षेत्र के 5 सड़कों को नो-पार्किंग जोन घोषित कर दिया है। ऐसे में 17 जुलाई से इन सड़कों में यदि कोई वाहन पार्क कर देता है तो तत्काल वाहनों में लॉक लगाने के साथ ही 200 से 500 रूपए तक की जुर्माना किया जाएगा। इसके लिए रेलवे ने पूरी तैयारी कर ली है।

रेलवे के अफसरों ने बताया कि जीरो गेट से स्टेशन चौक, आरक्षण कार्यालय भवन से चुचुहिया आरयूबी तक, स्टेशन चौक से तितली चौक और रेल्वे कोच रेस्टोरेन्ट से महेश स्वीट्स तक रेलवे क्षेत्र को नो पार्किंग क्षेत्र घोषित किया गया है, ताकि स्टेशन परिसर में यात्रियों के व्यवधान रहित आवागमन तथा स्टेशन का सौदर्यीकरण सुनिश्चित किया जा सके। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक अनुराग कुमार सिंह के निर्देश पर नागरिक सुरक्षा संगठन स्पेशल सेल के टीम द्वारा जागरूकता अभियान चला कर यात्रियों व उनके परिजनो को नो पार्किंग क्षेत्र में गाड़ी नहीं खड़ी करने की समझाइश दी जा रही है।

### 200 से 500 तक जुर्माना



### मिल रही थी शिकायतें

रेलवे परिक्षेत्र की सड़कों पर गाड़ियां पार्क करने की वजह से लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही थी। इसकी लगातार शिकायत मिल रही थी। इसके अलावा वाहनों के चोरी होने के मामले में भी सामने आ रहे थे।

### गेट नंबर 4 के पास रखी जाएंगी गाड़ियां

सीनियर डीसीएम अनुराग कुमार ने बताया कि रेलवे प्रशासन ने निर्णय लिया है कि 17 जुलाई 2024 से नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ी दो-तीन पहिया गाड़ियों को उठाकर एक निर्धारित स्थान गेट नंबर 4 के आगे टीआरडी ऑफिस के पास टो वेय जोन ले जाया जाएगा। इन गाड़ियों को 200 रुपए शुल्क का भुगतान करने के बाद ही छोड़ा जाएगा। नो पार्किंग में खड़ी चार पहिया वाहनों को वहीं पर क्लेंपिंग की जाएगी और 500 रुपए शुल्क का भुगतान करने पर ही छोड़ा जाएगा। 6 घंटे के भीतर नहीं छुड़ाने पर 20 से 50 रुपए प्रति घंटे की दर से अतिरिक्त शुल्क की वसूली होगी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

